दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 06 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 136 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## कुछ बड़ा होने वाला है ! पीएम मोदी ने अजीत डोभाल के साथ की अहम बैठक



**नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिसके बाद पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की रणनीति तैयार करने में जुटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हमले के बाद से लगातार उच्च-स्तरीय बैठकों का सिलसिला जारी है। सोमवार को पीएम मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक के तुरंत बाद पीएम ने गृह सचिव गोविंद मोहन से भी मुलाकात की।

**पीएम मोदी की पहलगाम हमले के बाद लगातार बैठकें :** पहलगाम हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब की अपनी दो दिवसीय यात्रा को बीच में ही समाप्त कर स्वदेश लौटने का फैसला किया। दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरते ही उन्होंने एनएसए अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ आपात बैठक की। इसके बाद 23 अप्रैल को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदमों पर चर्चा हुई, जिसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करने और अटारी-वाघा सीमा को बंद करने जैसे ऐतिहासिक फैसले लिए गए।

इसके बाद मंगलवार, 29 अप्रैल को पीएम मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ 90 मिनट की हाई-लेवल बैठक की, जिसमें सशस्त्र बलों को खुली छूट देने का निर्णय लिया गया। बुधवार, 30 अप्रैल को भी पीएम ने अपने आवास पर विदेश मंत्री जयशंकर, एनएसए डोभाल और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ एक और महत्वपूर्ण बैठक की।

## पूर्व मेयर अशु वर्मा ने उठाया अवैध झुग्गियों में रहने वाले लोगों की पहचान को लेकर बड़ा सवाल

# कहा, ये राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा और इस पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए तत्काल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मेयर अशु वर्मा हमेशा से मुद्दों को लेकर जागरूक रहते हैं और वो समाजिक मुद्दों पर प्रतिक्रिया भी व्यक्त करते हैं और अपनी भागीदारी भी निभाते हैं। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा और उन्होंने अवैध झुग्गियों के बड़े रैकेट का मामला उठाया है। अपने पत्र में पूर्व मेयर अशु वर्मा ने लिखा है कि पिछले दिनों गाजियाबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोग मुझसे मिले।

उन्होंने मुझे बताया कि गांव सिकरोड़, गढी गुलधर व रेतमंडी नन्दग्राम, थाना नन्दग्राम, ग्राम रईसपुर, सदरपुर मार्ग, थाना गोविन्दपुरम, ऐलीवेटिड के नीचे वसुंधरा, इन्दिरापुरम एक्सटेंशन की भूमि इन्दिरापुरम, थाना इन्दिरापुरम तथा थाना टीला मोड के खेतों में अनेकों अवैध झुग्गी पड़ी हुई हैं। इनमें बाहरी लोग रह रहे है। जिनका कोई सत्यापन नहीं हुआ है। अपने पत्र में पूर्व मेयर अशु वर्मा ने पुलिस कमिश्नर को कहा है कि मुझे यह भी बताया गया है कि यहां कुछ अवैध बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठिये भी रहते हैं। जिन्होंने फर्जी कागजात बनवा रखे हैं। ऐसी ही झुग्गियां जिले में अन्य स्थानों पर भी पड़ी हैं। यह चिंता का विषय है। आपसे आग्रह है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए तत्काल इन अवैध झुग्गियों में रहने वाले लोगों की जांच करायें।



### कौन चला रहा है खाली खेतों में किराये पर जमीन लेकर झुग्गियां बसाने का अवैध धंधा : अशु वर्मा

करंट क्राइम। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में यह कहा कि जिस मुद्दे को मैं उठा रहा हूं उसे पुलिस प्रशासन गंभीरता से ले। उन्होंने कहा कि यह एक संगठित गिरोह है और इससे आम आदमी से लेकर राष्ट्र की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि इस गिरोह की कार्यशैली ऐसी है कि इनमें एक ठेकेदार होता है। वह खाली खेतों से लेकर खाली सरकारी जमीनों पर निगाह रखता है। जहां खेत खाली होते हैं उनसे बात करके जमीन का किराया तय हो जाता है और फिर प्रत्येक झुग्गी के हिसाब से भुगतान होता है। इस ठेकेदार का झुग्गी गिरोह से लिंक है। ये संगठित गिरोह है और फिर यहां जमीनों पर झुग्गियां डलती हैं और बिना पहचान के लोग बस जाते हैं। यही गिरोह सरकारी खाली जमीनों पर निगाह रखता है और विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों से सेटिंग करता है। इसके बाद यहां लोग बसाये जाते हैं। अब इनमें कौन रोहिंग्या है, कौन बांग्लादेशी है, ये जांचना पुलिस का काम है लेकिन ये जांच जरूर होनी चाहिए।

### 'पुलिस-नगर निगम-जीडीए मिलकर चलायें अभियान'

करंट क्राइम। दिल्ली से सटे शहर में बांग्लादेशी और रोहिंग्या बस गये और पुलिस को खबर नहीं हुई। पूर्व मेयर अशु वर्मा जिस मुद्दे को उठा रहे हैं। उस मुद्दे को लोनी विधानसभा से जोडकर वहां के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने भी उठाया था। उन्होंने भी लोनी में रोहिंग्या के होने का आरोप लगाया था। मेयर सुनीता दयाल ने भी कुछ दिन पहले अवैध झुग्गियों में रोहिंग्या होने की संभावना जताते हुए अभियान चलाने की बात कही थी और अब गाजियाबाद के पूर्व मेयर अशु वर्मा ने ये मामला उठाया है। सबसे बड़ी बात ये है कि झुग्गी माफिया के इस संगठित गिरोह को अप्रत्यक्ष रूप से सरकारी विभागों की उदासीनता भी एक ताकत देती है। बताया जाता है कि ऐसे मामलों में पहले भी पुलिस में शिकायत हुई है। लेकिन वहां का रवैया टाल-मटोल वाला रहता है। इसमें कह दिया जाता है कि यह जमीन तो नगर निगम की है और नगर निगम देखे। यह जमीन तो जीडीए की है जीडीए देखे। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि सत्यापन का काम कौन देखेगा। अगर किसी भी व्यक्ति के संदिग्ध होने की आशंका है तो फिर वह पूरे समाज के लिए खतरा है और यहां अभियान की पहल कौन करेगा।

# पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने जताया टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर गुस्सा और कहा जनता नहीं करेगी माफ

### - जनप्रतिनिधि का काम होता है जनता के हितों की रक्षा करना





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने बीते दिनों पूर्व सीनियर पार्षद अनिल स्वामी और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल के साथ इस विषय पर प्रैसवार्ता भी की। उन्होंने कर बढ़ोत्तरी को नियम विरुद्ध बताया था और इस बात पर आश्चर्य जताया था कि जब कैबिनेट मंत्री और मेयर की मौजूदगी में कर ना बढ़ाये जाने का फैसला हो गया फिर अधिकारियों ने कर क्यों बढ़ा दिया। राजेंद्र त्यागी ने कर बढ़ाए जाने के बाद एक बार फिर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सभी भवन-फ्लैटों पर नवीन दरों के आधार पर कर लगा दिया गया। तीन मई को नगर निगम में बैठक हुई और इस बैठक में ये तय कर दिया गया कि आवासीय भवनों पर कर निर्धारण की गणना कारपेट एरिया के हिसाब से और अनावासीय भवनों पर कवर्ड एरिया के आधार पर तथा नवीन दरों के आधार पर किया जाएगा। सभी जोनल प्रभारी कर अधीक्षकों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

राजेंद्र त्यागी ने इस कर निर्धारण प्रक्रिया का कड़ा विरोध किया है और उन्होंने कहा कि मेयर ने ये कहा था कि नई दरों पर हाउस टैक्स लागू नहीं होगा, लेकिन अधिकारियों ने इसे लागू कर दिया। तीन मई को पहले नगर निगम में मीटिंग हुई और फिर लैटर जारी हुआ। राजेंद्र त्यागी ने कहा कि यह ठीक नहीं है और कई मानकों का भी उल्लंघन हो रहा है।

### निगम एक्ट मे दिया है हवाला तो फिर ये क्या है गड़बड़झाला

**करंट क्राइम।** पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा कि जब निगम एक्ट में स्पष्ट कहा गया है तो फिर उन शर्तों का उल्लेख कर निर्धारणमें क्यों नहीं हो रहा है। अधिकारी उस अधिनियम की जानकारी क्यों नहीं दे रहे हैं। राजेंद्र त्यागी ने कहा कि सबसे बड़ी बात तो ये है कि गाजियाबाद नगर निगम पूरे उत्तर प्रदेश के 16 नगर निगम में ऐसा नगर निगम है जहां सबसे ज्यादा हाउस टैक्स की वसूली जनता से हो रही है। उन्होंने नगर निगम अधिनियम का हवाला देते हुए कहा कि यह नगर निगम अधिनियम की धारा 174 (2)क के तहत कर में छूट का प्रावधान भवन की आयु से रखा गया है। अगर एक वर्ष से लेकर दस वर्ष तक का पुराना मकान है तो उस पर एनुअल रेंटल वैल्यू यानी वार्षिक किराया राशि में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यदि भवन 10 से लेकर 20 साल तक पुराना है तो उस पर वार्षिक किराया राशि में 32.5 प्रतिशत की वार्षिक छूट दी जाएगी और अगर कोई भवन 20 साल से अधिक पुराना है तो वार्षिक किराया राशि में 40 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जब नगर निगम में इस बात का पूरा प्रावधान दिया गया है तो फिर अधिकारी यह छूट क्यों नहीं दे रहे हैं, इसका जिक्र क्यों नहीं हो रहा है।

### जो टैक्स राशि थी 2000 वो बढ़कर पहुंच गई 7000

**करंट क्राइम।** पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा कि नगर निगम में पहली बार 2001 में कर की दरें निर्धारित हुई थी और उसके बाद हर दो वर्ष के बाद दस प्रतिशत वृद्धि हो रही है, लेकिन अब एक साथ 300 से लेकर 400 प्रतिशत तक कर बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि आवासीय भवनों में रहने वाले एक आम आदमी को अब अधिक कर देना है। ये जनता पर बोझ है। उन्होंने कहा कि जो कर अब तक 2000 रुपए था अब वह कर 7000 रूपए देना होगा। वह लगातार आवाज उठा रहे हैं कि आखिर इसका कोई सिस्टम, कोई आधार तो बनाया होगा।

### जनप्रतिनिधि छोटा हो या बड़ा, वो करे जनता के हितों की रक्षा

**करंट क्राइम।** पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने पहले भी जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर सवाल उठाया था और एक बार फिर उन्होंने जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जनता ने लोकसभा में बहुमत दिया, विधानसभा में बहुमत दिया। नगर निगम में पूर्ण बहुमत दिया और जनता से कितना बहुमत चाहते हैं और जनप्रतिनिधि जनता की आवाज क्यों नहीं बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का काम जनता के हितों की रक्षा करना होता है, ना कि जनता पर बोझ डालना होता है। जनप्रतिनिधि का काम जनता की आवाज बनना होता है, ना कि अधिकारी से सहमति जताना। जनप्रतिनिधि जनता की आवाज बने और नगर निगम के अधिकारी ना बनें। राजेंद्र त्यागी ने कहा कि करों की ये बढ़ोत्तरी जनता पर ये मार है। आखिर नागरिक किससे अपनी बात कहेंगे। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि जनप्रतिनिधि छोटा हो या बड़ा हो, उसे जनता ने चुना है। मैंने एक लंबा समय जनप्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र की जनता की सेवा की है और हमेशा जनता की आवाज को निगम के सदन से लेकर सरकार के पटल तक रखा है।

# सरकार उठाए पहलगाम हमले पर सख्त कदम, हम साथ हैं : राकेश टिकैत



### गाजियाबाद कोर्ट पहुंचे राकेश टिकैत, दो मामलों में कराई पेशी, किसानों के धरने में हुए शामिल

### धरनारत किसानों ने पगड़ी पहनाकर किया भव्य स्वागत, बोले, 'टिकैत साहब, आपकी पगड़ी म्हारा सम्मान'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत सोमवार को गाजियाबाद जिला न्यायालय में न्यायिक प्रक्रिया के तहत पेश हुए। उनके अधिवक्ता अजयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री टिकैत एसीजेएम-2 न्यायालय में लंबित दो मामलों में पेश हुए, जहां न्यायालय ने उनके विरुद्ध जारी वारंट को निरस्त करते हुए जमानत मंजूर कर ली।

कोर्ट से निकलने के बाद राकेश टिकैत ने मीडिया से संवाद किया और देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने हाल ही में हुए पहलगाम हमले को लेकर कहा, हम सरकार के साथ हैं, भारत सरकार को जो भी कदम उठाना है, पूरा देश उसके साथ खड़ा है।

उन्होंने दोहरी नागरिकता के मुद्दे पर भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अगर कोई भारतीय महिला किसी पाकिस्तानी नागरिक से विवाह करती है, तो उसे भारत में रहने का अधिकार नहीं होना चाहिए। पुराने वाहनों पर सरकार की नीतियों पर बोलते हुए टिकैत ने सुझाव दिया कि दस साल पुराने वाहनों को बंद करने की नीति पर पुनर्विचार होना चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार को यह निर्णय किलोमीटर के हिसाब से लेना चाहिए, न कि केवल आयु के आधार पर। डॉक्टरों, वकीलों और जजों की गाड़ियों की तुलना आम वाहनों से न की जाए। न्यायालय से बाहर निकलने के बाद चौधरी टिकैत, भाकियू जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह और अन्य पदाधिकारियों के साथ कमला नेहरू नगर स्थित सीबीआई कार्यालय के पीछे चल रहे किसान धरने में शामिल हुए। यह धरना रहीशपुर, रजापुर हरसांव और सिहानी गांवों के किसानों द्वारा 2015 से चलाया जा रहा है, जिनकी मांग है कि उन्हें सीपीडब्ल्यूडी द्वारा भूमि अधिग्रहण के तहत धारा 28ए के अंतर्गत उचित मुआवजा दिया जाए।

धरनास्थल पर पहुंचने पर सैकड़ों किसानों ने राकेश टिकैत का जोरदार स्वागत किया। किसानों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और भावुक स्वर में कहा, ह्लटिकैत साहब ! आपकी पगड़ी म्हारा सम्मान है, हम मिट जाएंगे लेकिन इस पर आंच नहीं आने देंगे।

इस अवसर पर भाकियू के कई वरिष्ठ पदाधिकारी सचिव ओमपाल सिंह, रामकुमार चौधरी, राजेंद्र सिंह, सतेंद्र तेवतिया, अमित चौधरी, विनीत चौधरी, यशवीर सिंह, जय कुमार मलिक और अन्य कई गांवों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# ग्यारह साल पुराने केस में राकेश टिकैत ने न्यायालय में उपस्थित होकर कराए वारंट निरस्त

### - अब 23 मई को लगी है अगली डेट



गाजियाबाद, करंट क्राइम। लगभग ग्यारह साल पहले दर्ज हुए मुकदमे में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट एमपी , एमएलए गाज़ियाबाद में सोमवार को अपने जमानती प्रस्तुत किए । उनके अधिवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट ने बताया कि 18 सितंबर 2014 को रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह के दिल्ली आवास को जबरदस्ती खाली कराये जाने के विरोध में मुरादनगर गंग नहर पर रालोद कार्यकर्ताओं व भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं तथा समाज के लोगों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसमें उस समय की समाजवादी सरकार की पुलिस ने 36 नामजद व हजारों अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना मुरादनगर पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किये गये थे । उक्त मुकदमो में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद उक्त दो मुकदमे स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट एमपी एमएलए गाज़ियाबाद में विचाराधीन हैं ।इन दोनों मुकदमों मे 36 नामजद लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई थी । जो लोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे उनके न्यायालय द्वारा जमानती वारंट जारी किए। राकेश टिकैत ने न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वारंट निरस्त करवाए तथा उक्त दोनों मुकदमों में अपने जमानती दाखिल किये ।

### 23 मई को होगी अगली सुनवाई

करंट क्राइम : न्यायालय ने उक्त दोनों मुकदमों में 23 मई अगली सुनवायी के लिए निर्धारित की है । राकेश टिकैत के साथ



किसान यूनियन के ज़िलाध्यक्ष बिजेंद्रर चौधरी, अनीश चौधरी , रनवीर सिंह डागर, ओम पाल चौधरी, एस सी चौधरी, राजकुमार दुहाई , मधु चौधरी,पवन चौधरी, अनुज कुमार, अभिषेक चौधरी, संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

### कोर्ट पहुंचे थे राकेश टिकैत

करंट क्राइम : किसान नेता राकेश टिकैत द्वारा पूर्व में भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर दिए गए बयान और बीते दिनों मुजफ्फरनगर में उनकी पगड़ी गिराए जाने के मामले के बाद लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं, लेकिन सोमवार को वह गाजियाबाद न्यायालय पहुंचे और यहां गुपचुप तरीके से कोर्ट में सुनवाई में शामिल हुए। यहां की कानूनी प्रक्रिया को पूरा किया और अपने कुछ साथियों से मुलाकात कर वह दोबारा मुजफ्फरनगर के लिए निकल गए। सोमवार को उनका पूरा कार्यक्रम गुपचुप रहा, जिसकी ज्यादा लोगों को जानकारी नहीं लग पाई। कुछ किसान नेता और अधिवक्ता ही उनसे मुलाकात करने के लिए पहुंचे थे।

# तेरी इक बूंद के प्यासे हम...: भारत ने अब सलाल डैम के गेट बंद किए

## चिनाब नदी का बहाव रोका, जनता बोली-पाकिस्तान को मिला करारा जवाब

**जम्मू-कश्मीर के सलाल डैम के सभी गेट बंद कर सरकार ने चिनाब नदी का बहाव पाकिस्तान की ओर रोक दिया है। इस कदम को स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान को करारा जवाब बताते हुए सरकार के फैसले का समर्थन किया है।**



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर स्थित सलाल डैम के सभी गेटों को बंद कर दिया गया है, जिससे रियासी जिले में नदी का जलस्तर बहुत गिर गया है। वहीं बगलीहार जलविद्युत परियोजना से पानी बहता हुआ देखा गया।

स्थानीय लोगों ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है।। रियासी में रहने वाले स्थानीय नागरिक दिनेश ने कहा हम खुश हैं कि सरकार ने पाकिस्तान की ओर पानी का बहाव रोक दिया है।

पाकिस्तान को पहलगाम में हमारे पर्यटकों की हत्या का करारा जवाब देना चाहिए। सरकार के हर निर्णय से हम सहमत हैं।

स्थानीय लोगों में से एक ने कहा, यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। सरकार ने बहुत कुछ किया है। पाकिस्तान को हमारी सरकार कई तरीकों से प्रतिक्रिया दे रही है। हम सभी सरकार के पक्ष में हैं।

सरकारी अधिकारियों ने अभी तक रणनीतिक कारणों पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसे एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# पाकिस्तान ने लगातार 11वें दिन तोड़ा संघर्षविराम, भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया



**जम्मू।** पाकिस्तान पहलगाम आतंकी हमले के बाद से नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर लगातार संघर्षविराम का उल्लंघन कर गोलीबारी कर रहा है। बिना उकसावे के पाकिस्तानी चौकियों से यह गोलीबारी एक या दो सेक्टरों तक ही सीमित नहीं रह गई है। बल्कि एकसाथ कई सेक्टरों में गोलीबारी हो रही है। हालांकि भारतीय सैनिक गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद बीती रात पाकिस्तान ने लगातार 11वें दिन संघर्षविराम का उल्लंघन किया।
सेना से मिली जानकारी के अनुसार 04-05 मई 2025 की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने तुरंत और उचित जवाब दिया।
सेना के अधिकारियों का कहना है कि पहलगाम आतंकी हमले और भारत के सिंधु जल संधि को निलंबित करने समेत कई कूटनीतिक कदमों के एलान के बाद से पाकिस्तान बिना उकसावे के गोलीबारी कर संघर्षविराम का उल्लंघन कर रहा है। हालिया गोलीबारी की घटनाएं कुपवाड़ा, बारामुला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में हुईं। भारतीय सेना ने भी गोलीबारी का तुरंत और उचित जवाब दिया। रविवार देर रात यानी लगातार 11वीं रात भी पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा से सटी जिले के कृष्णा घाटी, सलोत्री और खड़ी क्षेत्र में भारतीय सेना अग्रिम चोकियों को निशाना बनाकर गोलीबारी की। इसका सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इसका भारतीय सैनिकों ने भी माकूल जवाब दिया।

# भारत ने न्यूज पोर्टल बलूचिस्तान टाइम्स और बलूचिस्तान पोस्ट के एक्स अकाउंट पर लगाई रोक

**भारत सरकार ने 2 न्यूज पोर्टलों के एक्स अकाउंट पर भारत में रोक लगा दी है। इन न्यूज पोर्टलों के नाम बलूचिस्तान टाइम्स और बलूचिस्तान पोस्ट हैं।**



**नई दिल्ली:** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच भारत सरकार ने एक और बड़ा झटका देते हुए 2 न्यूज पोर्टल के एक्स हैंडल पर रोक लगाई है। भारत सरकार ने न्यूज पोर्टल बलूचिस्तान टाइम्स और बलूचिस्तान पोस्ट के एक्स अकाउंट पर रोक लगाई है। ये रोक भारत में लगाई गई है।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक्शन में भारत :** गौरतलब है कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत, पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक रवैया अपना रहा है। इसी कड़ी में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं और उसके अहंकार को लगातार तोड़ने की कोशिश की है।

भारत के एक्शन से बौखलाए पाकिस्तान के नेता लगातार भारत को गीदड़भभकी दे रहे हैं लेकिन भारत के एक्शन से पाकिस्तान घबराया हुआ है और उसे भारत के आक्रमण का डर सता रहा है। इस बीच भारत, तमाम तरह के बैन पाकिस्तान के खिलाफ लगा रहा है।

**इमरान खान और बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट पर भी इंडिया में रोक :** इससे पहले भारत ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री व पीटीआई के संस्थापक इमरान खान के खिलाफ यह एक्शन लिया था। इन दोनों ही नेताओं के एक्स अकाउंट पर भारत ने रोक लगा दी थी।

इससे पहले भी भारत ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक्स अकाउंट भारत में बैन कर दिया था।

ख्वाजा आसिफ अपने सोशल मीडिया अकाउंट से भारत के खिलाफ लगातार जहर उगल रहे थे। यहां तक की उन्होंने भारत पर परमाणु हमले तक की धमकी दी थी।

इससे पहले भारत, पाकिस्तान के प्रमुख यूट्यूब चैनलों में से डॉन न्यूज, एआरवाई न्यूज, बोल न्यूज, रफ्तार, द पाकिस्तान रेफरेंस, जियो न्यूज, समा स्पोर्ट्स, इरशाद भट्टी, जीएनएन, उजैर क्रिकेट, अमर चीमा एक्सक्लूसिव, अस्मा शिराजी, मुनीब फारूक, सुनो न्यूज एचडी और राजी नामा समेत क्रिकेटर शोएब अख्तर के चैनल को भी बैन कर चुका है।

# हमले के बाद पहली बार पहलगाम पहुंची महबूबा मुफ्ती, बोलीं-पर्यटकों को सुरक्षित रखे सरकार



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती रविवार को पहलगाम पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना।

पर्यटकों ने महबूबा मुफ्ती को फूल भेंट किए और उनका स्वागत किया। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने 22 अप्रैल की घटना को पहलगाम के लोगों के लिए सदमे का रूप बताते हुए कहा कि कश्मीरियों ने पर्यटकों की जान बचाने की पूरी कोशिश की। महबूबा ने गृहमंत्री से अपील की कि दहशतगर्दी में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कश्मीर के पर्यटन को यह घटनाएं प्रभावित करती हैं, लेकिन पर्यटक इस समय भी यहां आकर यह दिखाते हैं कि वे डरते नहीं हैं। उनका कहना था कि सरकार पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा बलों की तैनाती करें और पर्यटकों को सुरक्षित रखना चाहिए।

साथ ही, महबूबा ने सरकार से अपील की कि पर्यटकों को घोड़े देने वालों को वित्तीय सहायता दी जाए, और इस वर्ष होटलों और टैक्सी संचालकों के ऋण पर ब्याज नहीं लगेगा। महबूबा ने पर्यटन क्षेत्र के संकट को दूर करने और कश्मीर के व्यवसायियों को राहत देने के लिए यह अपील की है।

**महबूबा मुफ्ती ने 27 शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की :** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा मैंने उन 27 लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की जिनकी जानें गईं। हमारी भावनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं।

उन दिनों में, हमें कई युवा, महिला और व्यापारी ने फोन किया, जिन्होंने बताया कि वे डरे हुए थे और खतरा महसूस कर रहे थे। तो, अमित शाह से कई वर्षों बाद मैंने बातचीत की, और वह बहुत अच्छे थे। कुछ स्टॉप और चेक्स लगाए जाएंगे।

मैंने सुना कि यहां के लोग भयभीत हैं, और इसे दूर करना चाहती थी। पहलगाम आए सभी पर्यटकों को स्वागत करती हूं।

### किसान मजदूर संघर्ष समिति ने किया ऐलान

# अमृतसर में 7 मई को होगा रेल रोको आंदोलन



**अमृतसर।** किसान मजदूर संघर्ष कमेटी ने ऐलान किया है कि 7 मई को पंजाब के अमृतसर जिले में देवीदास पुरा रेलवे स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। यह स्टेशन अमृतसर-दिल्ली रेलवे लाइन पर स्थित है। किसानों के इस आंदोलन से रेल ट्रैफिक पर असर देखा जा सकता है। किसानों का कहना है कि सरकार जबरन खेती की जमीन का अधिग्रहण कर रही है और इसके एवज में किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। किसानों ने यह ऐलान ऐसे समय में किया है जब पंजाब के सीमावर्ती इलाके हाई अलर्ट पर हैं और पाकिस्तान के साथ तनाव की स्थिति है।

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बॉर्डर पर तनाव का माहौल है। अमृतसर जिले में ही वाघा बॉर्डर है जो पाकिस्तान का इलाका है। रेल रोको आंदोलन के बारे में केएमएससी के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि आंदोलन एक दिन के लिए बुलाया गया है और आगे इसे जारी रखना है या नहीं, यह प्रशासन के रेस्पॉन्स पर निर्भर करेगा। पंधेर ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते किसानों की मांग को पूरा नहीं किया जाता है तो 8 मई को आंदोलन के और भी कई स्थानों को जोड़ा जाएगा और आंदोलन किया जाएगा।

### उचित मुआवजे की मांग

रिपोर्ट में कहा गया है, केएमएससी के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सभरा, महासचिव राणा रणबीर सिंह और नेता सरवन सिंह पंधेर ने रविवार देर शाम अमृतसर में आयोजित बैठक में यह घोषणा की। नेताओं ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पर राज्य को पुलिस राज्य में बदलने का आरोप लगाया, जहां गुरदासपुर, अमृतसर और तरनतारन सहित जिलों में भारतमाला और अन्य केंद्रीय परियोजनाओं के तहत उचित कानूनी और मुआवजा प्रक्रियाओं का पालन किए बिना भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है।

पंधेर ने कहा, पिछले तीन सालों से हमने कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन किए हैं, जहां सैकड़ों किसानों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित किया गया है। उचित या समय पर मुआवजा दिए बिना जमीनें जब्त कर ली गई हैं। कई मामलों में, जमीन मालिकों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, फिर भी अधिकारी जबरन उनकी जमीन पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

### पंजाब सरकार का विरोध

उन्होंने बताया कि सैदुके (अमृतसर जिला) जैसे गांवों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, जहां शनिवार को अधिकारियों ने कृषि भूमि पर कब्जा करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया था। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में किसानों ने फिर से कब्जा कर लिया है। सबरा ने कहा, विकास के नाम पर यह मनमानी केवल कॉर्पोरेट हितों की मदद कर रही है, जबकि जमीन मालिकों को संकट में डाल रही है।

# पाक की नापाक हरकतों से प्रकृति भी नाराज : भूकंप से थर्राई धरती

### भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.2




**नई दिल्ली।** भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.2 दर्ज की गई है। भूकंप के ये झटके खैबर-पख्तूनवा के आसपास महसूस किए गए हैं।

भूकंप का केंद्र इसी इलाके में बताया जा रहा है। नेशनल सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किमी नीचे था। पिछले एक हफ्ते में यह तीसरी बार है, जब पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

इससे ठीक एक सप्ताह पहले पाकिस्तान में सोमवार रात धरती कांप उठी थी। रात 9 बजकर 58 मिनट पर भूकंप आया था। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.4 मापी गई थी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्रों में रहा, जहां हल्के से मध्यम स्तर के झटके महसूस किए गए थे।

**बेहद संवेदनशील हैं ये क्षेत्र :** बता दें कि पाकिस्तान और उसके आस-पास के क्षेत्र भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील हैं। यहां भारत और यूरेशियन प्लेट्स के टकराव के चलते भूकंपीय गतिविधियां सामान्य से अधिक होती हैं। इस वजह से अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमाई क्षेत्रों में समय-समय पर झटके आते रहते हैं। बीते कुछ वर्षों में पाकिस्तान ने कई बार गंभीर तीव्रता के भूकंप झेले हैं, जिससे भारी नुकसान हुआ है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ? :** विशेषज्ञों का मानना है कि बार-बार आने वाले हल्के झटके किसी बड़े भूकंप की आहट हो सकते हैं। ऐसे में समय रहते भूकंपरोधी ढांचे तैयार करना और लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी हो गया है। फिलहाल, स्थानीय प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और राहत टीमें भी तैयार रखी गई हैं।

# हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद दौरे पर ममता

## कहा- पीड़ित परिवारों को मुझसे मिलने नहीं दे रही भाजपा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नहीं चाहती कि मैं पीड़ित परिवारों से मुलाकात करूं। इसलिए भाजपा ने दंगा प्रभावित परिवारों को अन्य स्थानों पर भेज दिया है। ममता बनर्जी ने कहा कि कुछ बाहरी लोग और धार्मिक नेता समुदायों के बीच हिंसा और दुश्मनी भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। जो लोग दंगे भड़का रहे हैं वे पश्चिम बंगाल के दुश्मन हैं। उन्हें सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के बजाय हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए प्रयास करने चाहिए। ओडिशा में बंगाल के प्रवासी श्रमिकों पर हमले हो रहे हैं। यह निंदनीय है। केंद्र पर हमला बोलते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि जब आप कुर्सी पर होते हैं तो आप लोगों को धार्मिक आधार पर नहीं बांट सकते।

इससे पहले मुर्शिदाबाद रवाना होते समय ममता बनर्जी कहा कि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में अब शांति और स्थिरता लौट आई है। इसलिए मैं अब वहां जा रही हूं। इसके अलावा हिंसा को लेकर राज्यपाल सीवी आनंद बोस की रिपोर्ट को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे उनकी रिपोर्ट की कोई जानकारी नहीं है। न ही मुझे राज्य में राष्ट्रपति शासन को लेकर कुछ भी पता है। ममता बनर्जी ने कहा कि मैं मुर्शिदाबाद पहले भी जा सकती थी, लेकिन अगर वहां शांति और स्थिरता नहीं है, तो हमें वहां जाकर अशांति नहीं फैलानी चाहिए। मुर्शिदाबाद में स्थिरता बहुत पहले ही लौट आई है। आज मैं वहां जा रही हूं। उन्होंने कहा कि मुझे राज्यपाल सीवी आनंद बोस की ओर से गृह मंत्रालय को दी गई रिपोर्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं है। राज्यपाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। हम ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करें।

सीएम ने कहा कि मैं पहले बरहामपुर में जिला समीक्षा बैठक करूंगी। कल हिंसा प्रभावित धुलियान का दौरा करूंगी और उन लोगों को मुआवजा दूंगी जिनके घर और दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं।

ममता बनर्जी ने कहा कि हमारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पहलगाम आतंकी हमले के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर केंद्र सरकार के साथ खड़ी है। आंतरिक और बाह्य सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर सरकार के साथ है। हम यहां फूट डालो और राज करो की नीति नहीं अपना रहे हैं।

### जातिगत जनगणना पर कांग्रेस का बीजेपी पर हल्लाबोल

# भाजपा का डीएनए जातीय जनगणना का विरोधी

**कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने जाति जनगणना पर कांग्रेस के दृष्टिकोण को समझाया. उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरएसएस ने शुरूआत से ही जाति जनगणना का विरोध किया है।**




**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने आज (05 मई) एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस के दृष्टिकोण को विस्तार से समझाया। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का डीएनए जातीय जनगणना का विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी और आरएसएस ने शुरूआत से ही जातीय जनगणना का विरोध किया है, न सिर्फ सार्वजनिक मंचों पर, बल्कि अदालत में भी।

उन्होंने कहा, ह्जितनी हमारी हिस्सेदारी, उतनी हमारी भागीदारी- इसी सिद्धांत को लागू करने के लिए जातीय जनगणना आवश्यक है। 19 मई 2011 को इसकी शुरूआत की गई और 2015 में रिपोर्ट आ गई। भारतीय जनता पार्टी ने उस समय के गिनती को षड्यंत्र के तहत कूड़ेदान में डाल दिया।

**कांग्रेस नेता ने बीजेपी पर लगाए बड़े आरोप :** कांग्रेस नेता ने कहा, आज हम 2025 में आ गए। ये लड़ाई 15 साल से चल रही है। राहुल गांधी ने इसे मिशन बनाया है। बीजेपी आरएसएस पहले दिन से इसके विरोधी हैं। बीजेपी ने सार्वजनिक तौर पर इसका विरोध किया, अदालत में भी इसका विरोध किया। जब इनके पास कुछ नहीं बचा तो दलितों वंचितों के सामने इन्हें झुकना पड़ा।

**कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कही ये बड़ी बात :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने अगली जनगणना में जाति गणना को पादर्शी तरीके से शामिल करने की केंद्र सरकार की हालिया घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ह्मेरे भाई (राहुल गांधी) ने पिछले साल यह मुद्दा उठाया था और इसके पक्ष में लगातार बोल रहे थे, जबकि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इसका कड़ा विरोध किया था।

उन्होंने कहा, इस मुद्दे पर अड़े रहने के कारण संसद में भी उनका (राहुल का) मजाक भी उड़ाया गया था। प्रियंका ने यह भी कहा कि देशभर के लोगों के दबाव के कारण स्थिति बदली।

### वक्फ कानून से जुड़े मामले की 'सुप्रीम' सुनवाई टली

# अगली तारीख 15 मई तय



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई 15 मई को न्यायमूर्ति बीआर गवई के समक्ष निर्धारित की है। बीआर गवई देश के अगले मुख्य न्यायधीश होंगे। ऐसे में याचिका अब उनके सामने ही रखी जाएगी। मौजूदा सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

पिछली सुनवाई में अदालत ने कानून के दो मुख्य पहलुओं पर रोक लगा दी थी। 17 अप्रैल को सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार व जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ को केंद्र की ओर से आश्वासन दिया गया था कि वह 5 मई तक न तो वक्फ बाय यूजर समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करेगा, न ही केंद्रीय वक्फ परिषद व बोर्डों में कोई नियुक्ति करेगा। केंद्र ने उसे सुने बिना कानून पर रोक न लगाने का आग्रह भी किया था। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई की तारीख 5 मई तय की थी।

जैसे ही मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ सुनवाई के लिए बैठी तो सीजेआई ने कहा कि कुछ ऐसे पहलू हैं, जिन पर केंद्र ने विचार किया, लेकिन उन्हें स्पष्ट करने की आवश्यकता है। मैं इस अंतरिम चरण में कोई निर्णय या आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# हम मुसलमानों को भरोसा दिलाएंगे वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल ईमानदारी से कल्याण के लिए होगा : शाजिया इल्मी

## देशभर में चलेगा वक्फ सुधार जन जागरण अभियान









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने कहा है कि आज हम 'वक्फ सुधार जन जागरण अभियान' के तहत एक ऐतिहासिक पहल की ओर अग्रसर हैं। वर्षों से वक्फ संपत्तियों का जो दुरुपयोग, अपारदर्शिता और राजनीतिक संरक्षण में भ्रष्टाचार हुआ है, अब उस पर लगाम लगाने का समय आ गया है। भाजपा इस बात में विश्वास रखती है कि वक्फ संपत्तियाँ अल्पसंख्यक समुदाय की सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक उन्नति के लिए हैं–ना कि कुछ खास लोगों की निजी जागीर। हमारा उद्देश्य है कि वक्फ बोर्ड पारदर्शी बने, जवाबदेह बने, और हर एक मुसलमान को यह भरोसा हो कि वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल ईमानदारी से उनके कल्याण के लिए हो रहा है। यह सुधार केवल एक कानूनी बदलाव नहीं, बल्कि एक सामाजिक जागरूकता का आंदोलन है। हम हर गली, हर मोहल्ले में जाकर यह संदेश देंगे–'वक्फ तुम्हारा है, हक तुम्हारा है।

### गली-गली लगेंगे नारे वक्फ तुम्हारा है, हक तुम्हारा है



करंट क्राइम : वक्फ सुधार जनजागरण अभियान पर भाजपा ने अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद के तत्वावधान में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत एक अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद संगोष्ठी का आयोजन जानकी भवन, रामलीला मैदान, कविनगर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष, भाजपा ने की। राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा, शाजिया इल्मी ने मुख्य वक्ता के रूप में संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने जानकारी दी है कि आने वाले दिनों में हम हर गली, हर मोहल्ले में जाकर यह संदेश देंगे–'वक्फ तुम्हारा है, हक तुम्हारा है।

### कांग्रेस, सपा और बसपा ने केवल मुस्लिमों का इस्तेमाल किया



करंट क्राइम : इस मौके पर भाजपा की प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने कहा कि वक्फ संपत्तियों का दुरुपयोग और उन पर भ्रष्टाचार एक गहरा षड्यंत्र रहा है, जिसमें दशकों से कांग्रेस, सपा और बसपा जैसी पार्टियाँ शामिल रही हैं। तो वहीं कुंवर वाहिद अली ने कहा, वक्फ संपत्तियों पर सबसे ज्यादा कब्जा और भ्रष्टाचार उन्हीं दलों के समय में हुआ जिन्होंने अल्पसंख्यकों के नाम पर केवल वोटबैंक की राजनीति की। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, यह संगोष्ठी भाजपा की पारदर्शी कार्यप्रणाली और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को दशार्ती है। हम चाहते हैं कि वफ्फ बोर्ड भ्रष्टाचारमुक्त हो और उसकी संपत्तियां उन लोगों के कल्याण में लगें जिनके लिए वे आरक्षित हैं। पूर्व महापौर अशु वर्मा ने कहा, हम वफ्फ संपत्तियों के संरक्षण और उनके सदुपयोग की मांग वर्षों से करते आ रहे हैं। भाजपा द्वारा इस मुद्दे पर संगोष्ठी का आयोजन करना एक स्वागत योग्य पहल है।

### बड़ी संख्या में मुस्लिम हुए शामिल

करंट क्राइम : वक्फ सुधार जनजागरण अभियान पर भाजपा ने अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद के तत्वावधान में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत एक अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद संगोष्ठी का आयोजन जानकी भवन, रामलीला मैदान कविनगर में किया गया। इसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज की सहभागिता देखने को मिली। तो वहीं इस अवसर पर बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, पूर्व महापौर आशा शर्मा, सरदार एस.पी. सिंह अल्पसंख्यक आयोग सदस्य, डॉ. अशोक नागर, हाजी, जावेद खान, जावेद खान सैफ, रीना भाटी, सरदार बलप्रीत सिंह, सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, पूनम कौशिक, ऋचा भदौरिया, प्रदीप चौधरी महानगर मीडिया प्रभारी, ललित कश्यप कार्यक्रम संयोजक और सह संयोजक डॉ. नदीम अहमद, अमित रंजन, सूचित त्यागी सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं समाज के प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

# करंट क्राइम एनालिसिस पर भाजपा नेता सचिन सोनी ने किया कमेंट

## कहा- जो पार्षद अब विरोध कर रहे हैं उन्होंने पहले सदन में क्यों नहीं निरस्त कराया





करंट एनालिसिस
हाउस टैक्स पर हैरान करने वाला है जनप्रतिनिधियों का मौन!
दीपक भाटी
समाचार संपादक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम मुद्दों को प्रमुखता से रखता है और मुद्दों को खुले मंच के रूप में पाठकों के समक्ष भी रखता है। इन दिनों महानगर का करंट मुद्दा हाउस टैक्स है और मुद्दे का करंट ये है कि भाजपा के ही पूर्व जनप्रतिनिधि विरोध में मुखर हो रहे हैं और भाजपा के मौजूदा जनप्रतिनिधि इस मौन हैं। सवाल यही है कि जिस टैक्स को लेकर सारे जनप्रतिनिधि एक हुए थे वो टैक्स एकता को छिन्न-भिन्न करता हुआ बढ़े हुए रूप में जनता के घर तक पहुंच गया है। करंट एनालिसिस इसी बात को लेकर था कि आखिर सौ पार्षदों का सदन इन मुद्दे पर मुखर क्यों नहीं है। प्रवीण चौधरी, सचिन डागर और राजीव शर्मा जैसे पार्षद क्यों खामोश हैं। अगर, ये पार्षद खामोश हैं तो फिर पूर्व पार्षद क्यों इतने रोष में हैं। टैक्स का मुद्दा भाजपा को ही दो खेमों में बांट रहा है। सवाल यही था कि मौजूदा जनप्रतिनिधि क्यों खामोश हैं।

करंट एनालिसिस कॉलम पर भाजपा कार्यकर्ता सचिन सोनी की टिप्पणी है। सचिन सोनी निगम के सदन का गठन देख चुके हैं। पहले मेयर से लेकर मौजूदा मेयर का चुनाव देखा है। अपने वार्ड में उन्होंने एक व्यक्ति को कांग्रेस के टिकट पर भाजपा को हराकर चुनाव जीतते देखा और फिर उसी व्यक्ति को भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतते देखा। खुद भी एक बार पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं। टैक्स के मुद्दे को प्रमुखता से उठा रहे पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी के करीबी माने जाते हैं। कई प्रेसवाताओं में वो राजेंद्र त्यागी के साथ मंचासीन हैं। सचिन सोनी सही मायनों में पुराने कार्यकर्ता हैं और निगम को बेहतर समझते हैं, जानते हैं। उन्होंने करंट क्राइम एनालिसिस कॉलम को अच्छा बताया और यहां उन्होंने कहा कि इस मुद्दे से जुड़े मेरे मन में भी कुछ सवाल हैं।

उन्होंने कहा कि ये सवाल पूर्व व वर्तमान पार्षदों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से पूछे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो पार्षद वर्तमान में विरोध कर रहे हैं उन्होंने पूर्व सदन में इसे निरस्त क्यों नहीं कराया। अब वो वर्तमान विरोध और पूर्व सदन का हवाला देकर किसे निशाने पर ले रहे हैं, ये वो बेहतर जानते होंगे, लेकिन उन्होंने ये मन की बात रखी है कि आज विरोध कर रहे हो तो पूर्व सदन में निरस्त क्यों नहीं कराया था। यहां एक बड़ा मुद्दा ये भी उठा है कि गाजियाबाद नगर निगम में सौ वार्ड हैं और उनमें से कुछ वार्ड ऐसे हैं जहां एक रुपया भी टैक्स नहीं लगाया गया है।

सवाल यही उठ गया है कि आखिर ऐसा क्या है कि कुछ वार्डों में इतनी बढ़ोत्तरी और कुछ वार्डों में एक रुपया भी टैक्स नहीं है। करंट एनालिसिस इसी बात को लेकर है कि ये पूरी जंग ही केसरिया रंग में हो गई है। बढ़े टैक्स के पक्ष में भाजपाई हैं, बढ़े टैक्स के विरोध में भाजपाई हैं, सवाल पूछते भाजपाई हैं और पार्षदों पर सवाल उठाते भी भाजपाई हैं। एनालिसिस चल रहा है और आगे भी जारी रहेगा।

# पुलिस की वर्किंग के साथ जल्द सुधरेगी बिल्डिंग

## शुरू हुआ पुलिस ऑफिस को रिनोवेट करने का अभियान



● मुख्य द्वार को बनाया जाएगा बेहद आकर्षक और लगेंगे पुलिस के जागरूकता विज्ञापन
● पुलिस ऑफिस के अन्य कार्यालयों की भी सुधरेगी दशा, कराया जाएगा रिनोवेशन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नए कमिश्नर के आने के बाद जहां पुलिस की वर्किंग में सुधार की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। तो अब सोमवार से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ऑफिस को रिनोवेट करने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है। पुलिस ऑफिस के कार्यालय के बाहर की दीवार तोड़कर यहां नया इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जाएगा। साथ ही इस दीवार पर उत्तर प्रदेश पुलिस की प्रमुख योजनाओं की जानकारी और विज्ञापन भी आने वाले दिनों में नजर आएंगे। साथ ही पुलिस के जागरुकता विज्ञापनों को भी इसमे स्थान दिया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के इस परिसर में अन्य कई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयों की भी दशा और दिशा सुधारी जाएगी। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एडीसीपी प्रोटोकॉल, एसीपी ऑफिस एसीपी, अकाउंट्स और जनसुनवाई कक्ष को भी बेहतर बनाने का काम आने वाले दिनों में तेज गति से कराया जाएगा।

### वाहन पार्किंग की समस्या भी कराई जा रही है ठीक

करंट क्राइम : पहले पुलिस ऑफिस में आने वाले पुलिसकर्मियों और अन्य लोगों के वाहन पुलिस मुख्यालय परिसर में इधर-उधर बेतरतीब ढंग से खड़े कर दिए जाते थे। जिसकी वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती थी और इधर-उधर वाहनों की कतार लगने से यह नजारा भी ठीक नजर नहीं आता था, लेकिन बीते कुछ दिनों से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के मुख्यालय में खड़े होने वाले दोपहिया वाहनों की पार्किंग में पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाता है। ताकि यहां आने वाले फरियादियों और पुलिस स्टाफ के वाहनों को सुंदर और व्यवस्थित ढंग से पार्किंग में खड़ा करवाया जाता है ताकि किसी को परेशानी भी ना हो और यह देखने में भी ठीक लगे।

### पुलिस ऑफिस में ही बनेगा एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था का कार्यालय

करंट क्राइम : पुलिस ऑफिस की जहां बाहरी दीवार की मरम्मत और उसे बेहतर बनाने का काम शुरू हो गया है। तो वहीं आने वाले दिनों में इसी परिसर में एडिशनल सीपी मुख्यालय कार्यालय के ऊपर प्रथम तल पर एडिशनल सीपी अपराध एवं व्यवस्था के ऑफिस को बनाया जाएगा। साथ ही उनके स्टाफ के बैठने के लिए भी अलग से कक्ष निर्माण कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसके लिए बजट फाइनल हो गया है और जल्द ही इसका निर्माण कार्य भी शुरू कराया जाएगा।

### अधिकारियों के कार्यालय में रखे गए फ्रिज और अलमारी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के गजेटेड अधिकारियों के रूम में अब आपको ठंडा पानी फ्रिज और वाटर कूलर नजर आएगा। इसके साथ ही अधिकारी अपनी महत्वपूर्ण फाइलें अन्य दस्तावेज रखें, इसके लिए अलमारी भी रखवा दी गई है। साथ ही ऑफिस को सुव्यवस्थित करने के भी सभी अधिकारियों को बीते दिनों पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ द्वारा निर्देश दिए गए थे। वहीं पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल पर साफ-सफाई एवं गंदगी ना करने का भी निर्देश दिया गया है।

# अब जातीय गणना का निर्णय हो ही गया है तो इंतजार कीजिए और भगवान से प्रार्थना कीजिए : बालेश्वर त्यागी



> कोई राजनैतिक दल और दलों के नेता इस स्थिति पर विचार के लिए भी तैयार नहीं हैं। मेरा मत है कि राजनीति ही एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें लोग विरोधी को बर्बाद करने के लिए अपनी बर्बादी तक जाते हैं।

> - आज जो जाति गणना के निर्णय को अपनी सफलता बताने का प्रयास कर रहे हैं उन्हें बिल्कुल भी आभास नहीं है कि इसमें से समुद्र मंथन की तरह से विष भी निकलेगा।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जब किसी समय समुद्र मंथन का निर्णय हुआ होगा तब किसी को पता नहीं होगा कि इस मंथन से क्या निकलने वाला है ? कोई नहीं जानता था कि इसमें से अमृत भी निकलेगा और विष भी निकलेगा। मंथन के बाद जब अन्य वस्तुओं के साथ अमृत और विष भी निकला तो अमृत को पीने के लिए संघर्ष हुए लेकिन विष पीने के लिए देवों और दैत्यों में कोई तैयार नहीं हुआ। इस सृष्टि में अमृत पीकर अमर तो सब होना चाहते हैं लेकिन विष पीकर मरना कोई नहीं चाहता है। ये अलग बात है कि सुकरात को जहर दिया गया लेकिन उनकी कीर्ति आज भी विद्यमान है। बहुत पहले नहीं अभी तो दयानंद की विष दिया गया लेकिन उनके विचार आज भी अंधकार में राह दिखाते हैं।


लेकिन मैं बात ये कहना चाहता हूं कि जातीय गणना करने से क्या निकलेगा इसकी कल्पना उन्हें बिल्कुल नहीं है जो सबसे ज्यादा इसके समर्थक हैं। अधिकतर को भ्रम है कि उनकी जाति के लिए अमृत निकलने वाला है। लेकिन कुछ जातियों के लिए तो निश्चय ही विष निकलने वाला है। आज जो जाति गणना के निर्णय को अपनी सफलता बताने का प्रयास कर रहे हैं उन्हें बिल्कुल भी आभास नहीं है कि इसमें से समुद्र मंथन की तरह से विष भी निकलेगा।


अगर कोई शिव बनकर उस विष का पान करने के लिए आगे नहीं आएगा तो ये विष सारे समाज में व्याप्त होकर हानि पहुंचाएगा। जिनके लिए अमृत निकलेगा वे मेरे होंगे लेकिन जिनके लिए विष निकलेगा वे भी हमारे ही हैं। इस देश और इस समाज के ही हैं। इस समाज और देश को आगे बढ़ाने में कुछ न कुछ तो योगदान किया ही है। कोई राजनैतिक दल और दलों के नेता इस स्थिति पर विचार के लिए भी तैयार नहीं हैं। मेरा मत है कि राजनीति ही एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें लोग विरोधी को बर्बाद करने के लिए अपनी बर्बादी तक जाते हैं। अपने हित के लिए देश और समाज के विरोध तक जाते हैं। अपने विरोधी को बर्बाद करने के लिए जयचंद बनकर गौरी को बुलाने तक से पीछे नहीं रहते।


अब जातीय गणना का निर्णय हो ही गया है तो इंतजार कीजिए और भगवान से प्रार्थना कीजिए कि हे प्रभु इस समुद्र मंथन से अमृत ही निकले जिसमें सर्वे भवन्तु सुखिना, सर्वे संतु निरामया का हमारे ऋषि मुनियों का कथन साकार हो।

# थाना प्रभारियों के नाम पर लगेगी कमिश्नरेट के तीन अधिकारियों की मोहर

### नाम फाइनल करने वाली समिति में शामिल रहेंगे तीनों आईपीएस अधिकारी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जो भी नया थाना प्रभारी बनेगा, उनके नाम को फाइनल करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। इस समिति में खुद पुलिस कमिश्नर, एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था एवं डीसीपी मुख्यालय शामिल रहेंगे। इन तीनों की बिना सहमति के किसी भी जोन में प्रभारी का नाम फाइनल नहीं किया जा सकेगा। बताया जा रहा है कि तीनों की ही सहमति के बाद नाम फाइनल हो पाएगा। उधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में जो भी थानों के लिए नाम फाइनल होंगे, उसमें तीनों आईपीएस अधिकारी की मोहर लगना आवश्यक रहेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि भले ही तीनों जोन के डीसीपी लिस्ट में शामिल न हो लेकिन उनके क्षेत्र में आने वाले प्रभारी पर उनकी भी राय अवश्य ली जाएगी।

### रविवार को तय की गई यह समिति

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि रविवार को ही कमिश्नरेट में दो थानों के नए प्रभारी घोषित किए गए हैं। तो साथ ही यह तीन सदस्यों वाली टीम भी निर्धारित की गई है, जो आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अलग-अलग जोन के थाना प्रभारियों की नियुक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, उनकी सहमति के बिना किसी भी जोन में नया थाना प्रभारी नहीं बन पाएगा। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि तीनों जोन में थाना प्रभारियों की नियुक्ति करते समय डीसीपी की राय अवश्य ली जाएगी ताकि वह बेहतर तालमेल स्थापित कर सकें।

## संपादकीय

# भारत के लिए बड़ा मौका

एपल का प्लान कि अमेरिका में बिकने वाला हर आईफोन भारत में बना हो, मेक इन इंडिया के लिए एक बड़ा मौका है। लेकिन ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की जगह लेने के लिए भारत को बहुत कुछ करना होगा, जिसका मौका डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की वजह से उसे मिला है।

**क्षमता बढ़ानी होगी ।** भारत में आईफोन की कहानी बड़ी कारोबारी सफलताओं में से एक रही है। इस साल अभी तक भारत ने एपल के लिए 25–30% आईफोन बनाए हैं, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 18% था। यह तरक्की बढ़िया खबर है, लेकिन एक सच यह भी है कि भारत में जितना प्रॉडक्शन हो पाता है, अमेरिका में आईफोन का बाजार उससे कहीं बड़ा है। 2024 में अमेरिका में 7.59 करोड़ आईफोन बिके थे, जबकि इस साल मार्च में भारत से 31 लाख यूनिट वहां भेजी गई थीं। यानी एपल के चीफ टिम कुक की प्लानिंग के हिसाब से अगर भारत को पूरे अमेरिका की मांग को पूरा करना है, तो मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी को बढ़ाना होगा। अच्छी बात यह है कि तमिलनाडु के होसुर और बेंगलुरु में दो नई फैसिलिटी तैयार हैं और इनके जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

**इस बार चूक न हो ।** भारत के पास कुछ साल पहले भी ऐसा मौका आया था – कोरोना, 2018 के ट्रंप के चीन के साथ ट्रेड वॉर और दक्षिण चीन सागर में उभरते तनाव के मद्देनजर जब दुनिया चीन प्लस वन ऑप्शन की तलाश कर रही थी। उस समय वियतनाम जैसे देशों ने बाजी मार ली थी। उसे कम कॉरपोरेट टैक्स रेट, निवेश में आसानी और सस्ते श्रम का फायदा मिला।

**पक्ष में माहौल ।** मौजूदा टैरिफ वॉर से भारत को जो मौका मिला है, उसे हाथ से नहीं निकलने देना चाहिए। खासकर यह देखते हुए कि दुनिया का कारोबारी माहौल उसके पक्ष में है। कोरोना के वक्त से अमेरिकी कंपनियों पर चीन से बाहर निकलने का जो दबाव था, वह हाल में ट्रंप के टैरिफ वॉर से और बढ़ गया है। ट्रंप प्रशासन ने चीन पर 245%, जबकि भारत पर 26% का आयात शुल्क लगाया है, और इसे भी फिलहाल 90 दिनों के लिए टाल रखा है। एपल की भारत में दिलचस्पी की बड़ी वजह यही है। फिर PLI जैसी सरकारी योजनाओं ने भारत में उत्पादन को सस्ता बना दिया है। **कारोबारी हैसियत बढ़ेगी ।** इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी 8.4% है और चीन की 76.6% । आईफोन की सफलता वैश्विक स्तर पर भारत की हैसियत बढ़ाएगी और तब इन आंकड़ों को भी बदला जा सकेगा। इस वक्त अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर भी बात चल रही है। इसके अंजाम पर पहुंचने से नई दिल्ली के पास अमेरिकी कंपनियों को लुभाने का एक और कारण होगा।

# तनाव बढ़ने से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को लगेगा झटका, भारत की आर्थिक वृद्धि पर नहीं पड़ेगा असर




**नई दिल्ली।** मूडीज ने कहा कि भारत-पाक तनाव से भारत की अर्थव्यवस्था पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव आएगा। लगातार तनाव से पाकिस्तान की विदेशी फंडिंग और वित्तीय सुधार की प्रक्रिया भी कमजोर हो सकती है। मूडीज ने सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से देश की आर्थिक गतिविधियों में कोई बाधा नहीं आएगी। हालांकि, इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को झटका लगेगा, क्योंकि उसके विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ सकता है और आर्थिक वृद्धि पर असर पड़ सकता है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत की पाकिस्तान से व्यापारिक साझेदारी बहुत कम है (2024 में कुल निर्यात का 0.5 फीसदी से भी कम), इसलिए भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई बड़ा व्यवधान नहीं आने की संभावना नहीं है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी। इनमें अधिकांश पर्यटक शामिल थे। भारत ने हमल के लिए पांच आतंकियों को जिम्मेदार ठहराया, जिनमें तीन पाकिस्तानी नागरिक हैं। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

मूडीज ने कहा, अगर पाकिस्तान भारत के साथ लगातार तनाव में बना रहता है, तो यह उसकी अर्थव्यवस्था और सरकार के वित्तीय सुधारके प्रयासों को कमजोर करेगा। इससे पाकिस्तान की मौद्रिक स्थिरता को झटका लगेगा। पाकिस्तान के हालात में हाल ही में सुधार हो रहा था। थोड़ा आर्थिक वृद्धि हुई थी, महंगाई में कमी देखी गई थी और विदेशी मुद्रा भंडार में भी बढ़ोतरी देखी गई थी, क्योंकि पाकिस्तान आईएमएफ कार्यक्रम में प्रगति कर रहा था।

### मजबूत बनी रहेगी भारत की आर्थिक स्थिति

भारत ने संकेत दिया है कि वह आईएमएफ और अन्य वैश्विक संस्थानों से पाकिस्तान को मिलने वाली मदद पर पुनर्विचार की मांग करेगा। मूडीज ने कहा कि भारत की आर्थिक स्थित स्थिर बनी रहेगी, क्योंकि सार्वजनिक निवेश मजबूत है और निजी उपभोग अच्छा है और विकास दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। हालांकि, मूडीज ने यह भी कहा कि अगर तनाव बढ़ता है तो भारत को रक्षा खर्च में बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है, जिससे वित्तीय घाटा बढ़ सकता है और वित्तीय सुधार की गति धीमी हो सकती है।

### पाकिस्तान को फंडिंग मिलने में आ सकती हैं दिक्कतें

हालांकि, मूडीज ने चेतावनी दी कि अगर तनाव जारी रहा,तो पाकिस्तान को बाहरी फंडिंग मिलने में दिक्कत आ सकती है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है, जो कि अगले कुछ सालों में बाहरी कर्ज चुकाने के लिए पर्याप्त नहीं है। आईएमएफ का कार्यकारी बोर्ड 9 मई को पाकिस्तान में बैठक करेगा, जिसमें वह 1.3 अरब डॉलर के नए ऋण पर चर्चा करेगा। साथ ही 7 अरब डॉलर के पुराने ऋण पैकेज की समीक्षा होगी।

## तीन करोड़ किराना दुकानों को खतरे में डाल रहे 'डार्क स्टोर', अब सड़कों पर उतरेंगे नौ करोड़ व्यापारी

**नई दिल्ली।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), जो देशभर के 9 करोड़ से अधिक छोटे व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है, ने 16 से 18 मई 2025 तक नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश के वृंदावन में एक निर्णायक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की है। इसका मकसद विदेशी निवेश वाली ई–कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियां, जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, स्विगी, इंस्टामार्ट, जेप्टो और अन्य इसी तरह की प्रमुख कॉमर्स कंपनियों की कथित अनैतिक व अवैध प्रथाओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाना और उसे सक्रिय करना है। कैट का कहना है कि ये कंपनियां, एफडीआई का दुरुपयोग कर रही हैं तो वहीं नियामक उल्लंघन करने से भी पीछे नहीं हट रही हैं। इन कंपनियों की 'डार्क स्टोर्स' जैसी नीतियां, देशभर में 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानों की आजीविका खतरे में डाल रही हैं। इसके चलते देशभर के 9 करोड़ व्यापारी सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं।



यह विरोध सभी राज्यों में किया जाएगा। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा, इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेता भाग लेंगे। उन्होंने ई कॉमर्स कंपनियों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कैट का आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास के बजाए घाटे की भरपाई और चुनिंदा विक्रेताओं के माध्यम से गहरी छूट देने के लिए किया है, जो एफडीआई मानदंडों का उल्लंघन है। ये प्लेटफॉर्म 'प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002' का उल्लंघन करते हुए विशेष समझौतों में प्रवेश कर रहे हैं। मूल्य निर्धारण में हेरफेर कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहे हैं।

## एडीबी की बैठक में हिस्सा लेने इटली पहुंचीं सीतारमण



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए यह हफ्ता काफी अहम रहने वाला है। तिमाही नतीजे, अमेरिकी केंद्रीय बैंक की बैठक, विदेशी निवेशकों के रुझान और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से बाजार की चाल तय होगी। इस हफ्ते इंडियन होटल्स, एमएंडएम, बैंक ऑफ बड़ौदा, कोल इंडिया, डाबर, टाइटन और डॉ रेड्डीज जैसी कंपनियों के नतीजे जारी होंगे। 7 मई को अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक होनी है। अगर ब्याज दरों को लेकर इस बैठक में कोई फैसला लिया जाता है तो इसका सीधा असर शेयर बाजार पर देखने को मिल सकता है। इस हफ्ते बाजार में वैश्विक कारणों का अधिक असर देखने को मिल सकता है। इसका निवेशकों के सेंटीमेंट पर असर होगा। शेयर बाजार में तेजी की वजह भारत–अमेरिका के बाच व्यापार समझौते को लेकर सकारात्मक अपडेट आना है। माना जा रहा है कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने वाला भारत पहला देश हो सकता है। अमेरिका–चीन के बीच तनाव कम होने से बाजार पर सकारात्मक असर हुआ है। यह लगातार तीसरा हफ्ता था, जब शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ है। निफ्टी लगातार 24,000 के ऊपर बना हुआ है।

### शीर्ष–7 कंपनियों की पूंजी 2.31 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

शेयर बाजार में सूचीबद्ध शीर्ष–7 कंपनियों की पूंजी पिछले सप्ताह 2.31 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे आगे रही। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 1,289.46 अंक या 1.62 प्रतिशत उछलकर बंद हुआ था। शीर्ष–10 में से बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की पूंजी में गिरावट आई। आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1.65 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 19.24 लाख करोड़ रुपये हो गया। एयरटेल का मूल्यांकन 20,755 करोड़ बढ़कर 10.56 लाख करोड़, आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 19,381 करोड़ बढ़कर 10.20 लाख करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक की पूंजी 11,515 करोड़ बढ़कर 14.73 लाख करोड़ और इन्फोसिस सी 10,902 करोड़ बढ़कर 6.26 लाख करोड़ रही।

### गर्मी बढ़ने से अप्रैल में डीजल की मांग चार फीसदी बढ़कर 82 लाख टन

तापमान में तेजी से अप्रैल में डीजल की खपत चार फीसदी बढ़ कर 82 लाख टन हो गई। इससे पहले कई महीनों तक मांग कम या नकारात्मक वृद्धि रही थी। 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में सिर्फ दो प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इससे पहले के वित्त वर्ष में इसमें कोई वृद्धि नहीं हुई थी। इस दौरान पेट्रोल की खपत 4.6 प्रतिशत बढ़कर 34 लाख टन रही। अप्रैल में खपत अप्रैल, 2023 की तुलना में 5.3 प्रतिशत और कोरोना–2019 की तुलना में 10.45 प्रतिशत अधिक थी।

## 'भारत बनेगा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था' : करण अदाणी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का उद्घाटन किया था। यह बंदरगाह 8,867 करोड़ रुपये की लागत से बना है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य सिंगापुर, कोलंबो, सलाला और दुबई के विदेशी बंदरगाहों पर वर्तमान में किए जा रहे भारतीय माल के पारगमन को स्वदेश वापस लाना है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी निजी बंदरगाह परिचालक अपने समुद्री, लॉजिस्टिक और कृषि-लॉजिस्टिक कारोबार को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। अदाणी ने कहा कि अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी एपीएसईजेड विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह में दूसरे चरण में 13,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जिससे इस गहरे पानी वाले बंदरगाह की माल ढुलाई क्षमता मौजूदा 12 लाख टीईयू (बीस फुट समकक्ष इकाइयों) से बढ़कर 2028 तक लगभग 50 लाख टीईयू हो जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने दो मई को विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का उद्घाटन किया, जिसका निर्माण 8,867 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पूरा हुआ है।

### हमारे पास तीन बड़े कारोबारी क्षेत्र

उन्होंने कहा कि एपीएसईजेड के भीतर, हमारे पास तीन बड़े कारोबारी क्षेत्र-समुद्री व्यवसाय, लॉजिस्टिक्स व्यवसाय और कृषि-लॉजिस्टिक्स व्यवसाय हैं, जिन पर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने इस बात की ओर इशारा किया कि एपीएसईजेड देश में समुद्री व्यापार में सबसे बड़ी संचालक है। अदाणी ने कहा, 'अब विचार यह है कि भारत के भीतर और साथ ही भारत के बाहर भी उस (समुद्री व्यापार) व्यवसाय को बढ़ाया जाए।'

### घरेलू माल और आयात-निर्यात माल का कारोबार

कृषि–लॉजिस्टिक्स कारोबार का उल्लेख करते हुए अदाणी ने कहा कि आज भारत में जो अनाज संग्रहीत किया जाता है, उसका भंडारण उचित तरीके से नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम साइलो बनाने और उन्हें संग्रहीत करने पर विचार कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह एपीएसईजेड के अन्य बंदरगाहों से किस तरह अलग है। अदाणी ने बताया कि अदाणी समूह के बंदरगाह मुख्य रूप से घरेलू माल और आयात–निर्यात माल का कारोबार करते हैं, उनमें से कोई भी पारगमन वाली वस्तुओं का कारोबार नहीं करता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन–ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी–ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी–सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट–कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम–प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन–देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान–सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

एक लड़का इंटरनेट पर सर्च करते हुए लिखता है।
'हाऊ टु इंप्रेस अ गर्ल इफ वीक इन
इंग्लिश जवाब मिला...
ओए, सुधर जाओ, खेती बाड़ी कर
लेओ जेमे फायदा ना,
मोड़ी पटावे में कछु नाई धरो, जायदाद बिक जेहे जे
चक्करन मा, और जूता पड़िहैं, वै अलग।

---

राकेश– यार तू अपनी बीवी को किस नाम
से बुलाता है?
रमेश– गूगल
राकेश– ये कैसा नाम हुआ।
रमेश– क्या करूं, सवाल एक करता हूं और जवाब
100 मिलते हैं।

---

पिता– नालायक, तू फिर फेल हो गया, आज से कभी
मुझे पापा मत कहना
टीटू– ओह कमऑन डैड, स्कूल टेस्ट ही तो था, कोई
डीएनए टेस्ट थोड़ी न था।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# टी20 और वनडे की वार्षिक रैंकिंग में भारत का दबदबा कायम

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को वार्षिक पुरुष रैंकिंग जारी कर दी। इसमें भारत ने सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखा है जबकि ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। हालांकि, भारतीय टीम को टेस्ट रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है। अब टीम चौथे स्थान पर खिसक गई है।

### भारत को मिला चैंपियंस ट्रॉफी में जीत का फायदा

नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी की उपविजेता न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है जबकि कंगारू तीसरे पायदान पर पहुंच गए।

श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज की जीत भी शामिल है। इससे श्रीलंका पांच रेटिंग अंकों का फायदा लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गई है। उसने पाकिस्तान (एक अंक के लाभ के साथ पांचवें) और दक्षिण अफ्रीका (चार अंक के नुकसान के साथ छठे) को पीछे छोड़ दिया। अफगानिस्तान चार अंकों के सुधार के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन इंग्लैंड चार अंक खोने के बाद आठवें स्थान पर आ गया। वेस्टइंडीज पांच अंक हासिल करके नौवें स्थान पर पहुंच गया। बांग्लादेश चार अंकों की गिरावट के साथ 10वें स्थान पर खिसक गया है।



### 271 रेटिंग अंकों के साथ भारत टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर

टी20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है। पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है। सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है, जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इनके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे का नंबर आता है।

### ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट में बादशाहत बरकरार

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसकी बढ़त 15 से घटकर 13 अंक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके रेटिंग अंक 113 हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका (111) और भारत (105) एक एक स्थान फिसलकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके बाद न्यूजीलैंड, श्रीलंका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे हैं। टेस्ट तालिका में अभी केवल 10 टीम शामिल हैं। आयरलैंड को रैंकिंग हासिल करने के लिए अगले 12 महीनों में एक और टेस्ट खेलना होगा, जबकि अफगानिस्तान को सूची में शामिल होने के लिए तीन और मैच खेलने होंगे।

# वेव्स ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में डैनियल, तेजस ने रचा इतिहास, भारत के लिए हासिल किया पहला गोल्ड मेडल



**मुंबई।** मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में ईस्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से वेव्स ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप आयोजित किया गया। जहां भारत के डेनियल पटेल और तेजसकुमार हसमुखभाई भोई ने इतिहास रचते हुए देश को पहला गोल्ड मेडल दिलाया। इन दोनों एथलीट ने ईफुटबॉल और वर्ल्ड क्रिकेट चैंपियनशिप 3 में पदक अपने नाम किए।

इस प्रतियोगिता में पांच देशों के कुशल खिलाड़ी शामिल थे, जिन्होंने दो लोकप्रिय खिताबों में भारत के राष्ट्रीय विजेताओं को चुनौती दी। ई-फुटबॉल में, वैश्विक ई-स्पोर्ट्स पावरहाउस मलेशिया, थाईलैंड और लाओस के शीर्ष दावेदारों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, डैनियल ने साउथीफोन सिंगथोंग (लाओस) को 5-3 और नाथावत साटेक (थाईलैंड) को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने रोमांचकारी ग्रैंड फिनाले में मलेशिया के मोहम्मद अजरुद्दीन बिन याकूब को 2-0 से हराने के लिए अपना धैर्य बनाए रखा। साटेक ने पोडियम पर अपना स्थान बनाया। वहीं श्रीलंका के मोहम्मद शाद मोहम्मद उवैज और नेपाल के रजत बुडाथोकी के खिलाफ खेलते हुए भारत के तेजस ने डब्ल्यूसीसी3 राउंड-रॉबिन और फाइनल सीरीज में अपना दबदबा बनाया और नेपाल के रजत बुडाथोकी पर जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। इस मौक पर ईएसएफआई के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि, वेव्स एक दूरदर्शी पहल है और हम भारतीय ई-स्पोर्ट्स को इतनी दूरदर्शिता के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाने के लिए पीएम मोदी के प्रति बहुत आभारी हैं। उन्होंने आगे कहा कि, मोदी के नेतृत्व में, यह क्षेत्र उद्देश्य और गति के साथ सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। हएरउ में भारत का पहला ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडल उस प्रगति का प्रमाण है। उच्च-दांव वाले क्षेत्र में, हमारे एथलीटों ने न केवल प्रतिस्पर्धा की, बल्कि उन्होंने प्रदर्शन भी किया।

## बीसीसीआई की नजर टेस्ट के फ्यूचर कैप्टन पर

# इंग्लैंड दौरे पर गिल उप कप्तान हो सकते हैं, बुमराह का सभी 5 टेस्ट खेलना मुश्किल



**मुंबई।** बैटर शुभमन गिल को इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया का उप कप्तान बनाया जा सकता है। भारतीय सिलेक्टर्स किसी युवा खिलाड़ी को उप कप्तान बनाना चाहते हैं, जो आगे चलकर टीम का कप्तान भी बने।

आईपीएल के मौजूदा सीजन के खत्म होने के बाद टीम इंडिया को इंग्लैंड का दौरा करना है। जहां दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। यह दौरा 20 जून से 31 जुलाई तक चलेगा।

इस सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान अब तक नहीं किया गया है। इस बात की संभावना है कि मई के दूसरे सप्ताह तक इउउकटीम का ऐलान करेगा।

बोर्ड ऐसा उपकप्तान चाहता है जो सभी मैच खेले इंडियन एक्सप्रेस को बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, हम ऐसा खिलाड़ी चाहते हैं जो सभी पांच टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध हो और उसे उपकप्तानी की जिम्मेदारी दी जाए। जसप्रीत बुमराह सभी पांच मैच नहीं खेलेंगे, इसलिए हम अलग-अलग मैचों के लिए अलग-अलग उपकप्तान नियुक्त नहीं करना चाहते। बेहतर होगा कि कप्तान और उपकप्तान तय हों और सभी पांच टेस्ट मैच खेलें। ऐसे में गिल को इस दौरे पर भारतीय टीम का उप कप्तान बनाया जा सकता है। गिल आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस की कप्तानी कर रहे हैं।



बुमराह का सभी मैच खेलना मुश्किल इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, जसप्रीत बुमराह इस दौरे पर सभी पांच टेस्ट मैच शायद ही खेलें। वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत सिलेक्टर्स ये फैसला ले सकते हैं। ऐसे में बुमराह को इस सीरीज के लिए उप कप्तानी की जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हो गए थे बुमराह बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे (बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी) पर सभी पांच टेस्ट मैच खेले थे, इस सीरीज में वे उप कप्तान थे और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए थे। सीरीज के आखिरी टेस्ट में इंजर्ड हो गए थे। तब बुमराह की इंजरी की वजह ज्यादा वर्कलोड बताया गया था। बैक इंजरी के चलते बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में नहीं खेल पाए थे। हालांकि उन्होंने फिट होकर आईपीएल 2025 में शानदार वापसी की है। वे मुंबई इंडियंस के लिए अब तक 7 मैच खेलकर 11 विकेट लिए हैं।

# अपने पहले ही सीजन में चमके ये आठ खिलाड़ी

## इनमें से दो की उम्र 18 से कम, दो ने शतक लगाकर मचाया तहलका



**मुंबई।** आईपीएल 2025 में अब तक 54 मैच खेले जा चुके हैं। धीरे-धीरे यह लीग अपने अंजाम तक पहुंचने जा रही है। इस सीजन कई ऐसे खिलाड़ी मिले, जिन्होंने अपने पहली ही सीजन में मिले मौके को पूरी तरह भुनाया। इनमें से कुछ ने शतक लगाकर तहलका मचा दिया। वहीं, कुछ ने गेंदबाजी में अपनी धाक जमाई। इस लिस्ट में आठ खिलाड़ी हैं, जिनमें से चार बल्लेबाज और तीन गेंदबाज हैं, एक गेंदबाजी ऑलराउंडर है।

लिस्ट में दो की उम्र 18 साल से भी कम है, जबकि दो की उम्र 25 साल है और बाकी की उम्र 18 से 25 साल के बीच में है। हालांकि, कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने एक या दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और फिर बेंच पर बैठा दिए गए।

दिल्ली प्रीमियर लीग में अपनी धाक जमाने के बाद इस खिलाड़ी को आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स ने काफी उम्मीदों के साथ खरीदा। प्रियांश पंजाब की उम्मीदों पर खरे उतरे। उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बल्लेबाजी ने अब तक इस लीग में 11 पारियों में 31.54 की औसत और 192.77 के स्ट्राइक रेट से 347 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। प्रियांश ने चेन्नई के खिलाफ 103 रन की पारी खेली थी। उन्होंने 39 गेंद पर शतक जड़ा था। आगे चलकर यह 23 साल का युवा बल्लेबाज बड़े रिकॉर्ड बना सकता है। दिल्ली प्रीमियर लीग में प्रियांश ने एक ओवर में लगातार छह गेंद पर छह छक्के जड़े थे।

इस 17 साल के युवा बल्लेबाज ने अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा दिया है। आयुष को नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था। बीच सीजन में वह रिप्लेसमेंट के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से जुड़े और अपनी हिटिंग पावर से उन्होंने लोगों को दिवाना बना दिया है। आयुष ने अब तक लीग में चार पारियों में 40.75 की औसत और 185.22 के स्ट्राइक रेट से 163 रन बनाए हैं। इनमें एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 94 रन की पारी में जो शॉट्स लगाए वह देखने लायक थे। चेन्नई की टीम में म्हात्रे एकमात्र सकारात्मक चीज बनकर सामने आए हैं।

23 साल के इस युवा बल्लेबाज को सनराइजर्स हैदराबाद ने मध्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी। इस बल्लेबाज ने कुछ पारियों में भविष्य की झलक दिखाई। अनिकेत की खूबी है कि वह क्रिकेटिंग शॉट्स के साथ अनॉर्थोडॉक्स शॉट्स भी लगा सकते हैं। उन्होंने अब तक नौ पारियों में 24.12 की औसत और 144.11 के स्ट्राइक रेट से 193 रन बनाए हैं। दिल्ली के खिलाफ 74 रन की पारी उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी रही है। हालांकि, उनकी टीम का प्रदर्शन इस साल बेहद खराब रहा।

14 साल के इस ओपनर ने नीलामी में बिकते ही नाम कमा लिया था। उन्हें राजस्थान ने 1.1 करोड़ रुपये के भारी भरकम राशि में खरीदा था। एक युवा पर इतने रुपये खर्च करने के पीछे की योजना किसी को समझ नहीं आई थी। हालांकि, गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद पर शतक ने बता दिया कि कोच द्रविड़ ने उन्हें क्यों तवज्जो दी। वैभव ने अपने दम पर राजस्थान को जीत दिलाई थी। इस बल्लेबाज ने अपने आईपीएल करियर की शुरूआत ही छक्का लगाकर की थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के पास दमखम है और आने वाले समय में यह युवा बल्लेबाज भारत के लिए खेलता भी दिखाई पड़ सकता है। वैभव ने अब तक इस सीजन पांच पारियों में 31 की औसत और 209.45 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 155 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक शामिल है।

25 साल के इस स्पिनर ने कमाल की गेंदबाजी की है। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने उन पर दांव खेलकर काफी अच्छा काम किया। अपनी मिस्ट्री गेंदों की वजह से यह गेंदबाज पावरप्ले, मध्य के ओवरों या फिर डेथ ओवरों में भी घातक साबित हुआ है। दिग्वेश ने अब तक इस सीजन 11 मैचों में 12 विकेट लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 8.09 का रहा है, जबकि 30 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है। दिग्वेश न सिर्फ अपनी गेंदबाजी बल्कि अपने सेलिब्रेशन के लिए भी चर्चा में रहे।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए विपराज एक बेहद शानदार ऑलराउंडर बनकर उभरे हैं। इस सीजन दिल्ली के पहले ही मैच में विपराज ने बल्ले के दम पर अपनी टीम को मैच जिताया था। यह गेंदबाज अपनी लेग स्पिन से कहर बरपाने में कामयाब रहा है। 20 साल के विपराज ने अब तक इस सीजन 10 मैचों में नौ विकेट लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 9.48 का रहा है। 18 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। सिर्फ बल्ले से नहीं, लोअर ऑर्डर में वह पावर हिटिंग की भी क्षमता रखते हैं। उन्होंने छह पारियों में बल्लेबाजी की है और 20.80 की औसत और 203.92 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 104 रन बनाए हैं। विपराज भारतीय टीम में जल्दी खेलते हुए दिख सकते हैं। विपराज यूपी से हैं और उत्तर प्रदेश प्रीमियर लीग में भी उन्होंने कमाल किया था।

मुंबई इंडियंस के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपने डेब्यू मैच में ही तहलका मचा दिया था। इस गेंदबाज को अब तक तीन मैच ही खेलने का मौका मिला है, लेकिन उन्होंने छह विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका इकोनॉमी रेट 13.12 का रहा है। डेब्यू मैच पर 23 साल के अश्विनी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन देकर चार विकेट लिए थे। हालांकि, उनके लिए अगले दो मैच उम्मीद के मुताबिक नहीं गए और एक-एक विकेट लिए। साथ ही बुमराह की वापसी की वजह से अश्विनी को बेंच पर बैठना पड़ा।

# क्रिकेटर मोहम्मद शमी को धमकी- मारकर बैग में भर देंगे, कहा एक करोड़ दो

**मुरादाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी 2 ईमेल के जरिए दी गई। शमी के बड़े भाई हसीब ने बताया, राजपूत सिंधर नाम की मेल आईडी से धमकी आई है। पहली मेल 4 मई की शाम में और दूसरी मेल 5 मई की सुबह आई है। मेल में लिखा है, 'एक करोड़ रुपए नहीं दिए तो मैं शमी की हत्या कर दूंगा और बैग में भर देंगे। सरकार हमारा कुछ नहीं कर पाएगी।'

मामले में हसीब की शिकायत पर अमरोहा पुलिस की साइबर सेल ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मोहम्मद शमी इन दिनों आईपीएल 2025 में व्यस्त हैं। वे सनराइजर्स हैदराबाद टीम से खेल रहे हैं।

### धमकी देने वाले ने कहा- कर्नाटक सरकार को चुनौती देते हैं

धमकी भरे मेल में लिखा है, 'अरे शमी, हम तुम्हें मार देंगे और बैग में भर देंगे। अगर हम तुम्हें मार देंगे तो ए प्रभाकर डर जाएगा। हमें बेंगलुरु के रामपुरा में



रहने वाले प्रभाकर से एक करोड़ रुपए चाहिए। प्रभाकर ने हाल ही में अपने बेटे दिविज की शादी करवाई और हमारी एक करोड़ की नकदी अपनी बहू के घर में छिपा दी। प्रभाकर की पत्नी का नाम लक्ष्मी है। प्रभाकर अपने बेटे की शादी के बाद से हमारा फोन नहीं उठा रहा है। पुलिस हमारा कुछ नहीं कर सकती, हम कर्नाटक सरकार को चुनौती देते हैं।'

### क्रिकेटर मोहम्मद शमी के भाई हसीब ने अपनी एफआईआर में कहा

'मेरा नाम हसीब है। मैं अमरोहा के सहसपुर अली नगर गांव का रहने वाला हूं। भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी पुत्र तौसीफ अहमद मेरा सगा भाई है। मोहम्मद शमी आईपीएल में बिजी है। मैंने दिनांक 4 मई की शाम करीब 11 बजे शमी की मेल आईडी खोली थी। जरूरी ईमेल चेक करने थे। उसमें मुझे मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी का मेल दिखाई दिया। मेल राजपूत सिंधर की आईडी से आया था। जिसमें प्रभाकारा का नाम और मोबाइल नंबर और एक करोड़ रुपए का जिक्र किया गया है।'

अमरोहा के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने दैनिक भास्कर से कहा, मोहम्मद शमी के भाई हसीब ने शिकायत दी है। हसीब ने बताया कि उनके भाई को मेल पर धमकी दी गई है। मेल में लिखा है कि बेंगलुरु निवासी ए प्रभाकर को एक करोड़ रुपए नहीं देता है तो मोहम्मद शमी को नुकसान पहुंचाएंगे।

# अब भी पांच टीमें पा सकती हैं 18 अंक प्लेऑफ में किसी का स्थान अभी पक्का नहीं



**मुंबई।** आईपीएल 2025 में अब तक 54 मुकाबले खेले जा चुके हैं और अब तक सिर्फ दो ही टीमें- चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स ही एलिमिनेट हो सकी हैं। अभी भी कोई भी टीम प्लेऑफ के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालिफाई नहीं कर सकी है और शीर्ष चार स्थानों के लिए आठ टीमों के बीच जंग है। हालांकि, पिछले 17 सत्र में कभी ऐसा नहीं हुआ कि जिस टीम ने 16 अंक पाए हों वह क्वालिफाई न कर पाया हो। ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का क्वालिफाई करना तय माना जा रहा है। बाकी के तीन स्थानों के लिए सात टीमों के बीच जंग है।

आरसीबी की टीम सीएसके के खिलाफ जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच चुकी है। पांच टीमों के लिए 18 अंकों पर समाप्त करना अभी भी संभव है। इसका मतलब है कि क्वालिफिकेशन पूरी तरह से सुनिश्चित करने के लिए आरसीबी को दो और जीत की जरूरत है। हालांकि, अगर अन्य परिणाम उनके पक्ष में जाते हैं, तो वे नेट रन रेट पर निर्भर हुए बिना 16 अंकों के साथ भी क्वालिफाई कर सकते हैं। आरसीबी लगातार दो घरेलू जीत से भी खुश होगी। यह देखते हुए कि उन्हें चिन्नास्वामी स्टेडियम में दो और मैच खेलने हैं, वे उम्मीद करेंगे कि टॉस उनके पक्ष में हो। उन्होंने बेंगलुरु में लगातार पांच टॉस गंवाए हैं और वे अपने आखिरी दो घरेलू मैचों में सिक्के के साथ बेहतर भाग्य की उम्मीद कर रहे होंगे।

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ पंजाब की जीत ने उन्हें 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। अभी उनके तीन मैच बचे हैं। दो और जीत पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचा देगी। यदि पंजाब की टीम अपने शेष तीनों मैच हार जाती है तो उन्हें अन्य परिणामों पर बहुत अधिक निर्भर रहना होगा।

गुजरात की टीम के अभी फिलहाल चार और मैच बाकी हैं और टीम के पास 14 अंक हैं। उनका नेट रन रेट मुंबई इंडियंस के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। जीटी के पक्ष में फिलहाल हर एक समीकरण है। अगर सबकुछ सही रहा तो यह टीम शीर्ष दो में भी अपना स्थान पक्की कर सकती है। उनके शेष तीन मैचों में से दो घर पर हैं, जो कि उनके समीकरण और दावे को और मजबूत बनाता है। घर पर उनका सीएसके और लखनऊ जैसी टीमों के खिलाफ 4-1 का जीत-हार का रिकॉर्ड है।

लगातार छह जीत के साथ मुंबई की टीम ने इस सत्र में जबरदस्त वापसी की। मुंबई का शीर्ष चार में समाप्त होना लगभग तय माना जा रहा है। अगर वह मौजूदा फॉर्म को जारी रखते हैं तो शीर्ष दो में भी स्थान बना सकते हैं। सभी टीमों में मुंबई का नेट रन रेट सर्वश्रेष्ठ भी है। मुंबई के अगर 14 अंक भी रहते हैं तो भी यह टीम शीर्ष चार में पहुंच सकती है, लेकिन इसके लिए अन्य परिणामों और नेट रन रेट पर निर्भर रहना होगा। उनके पास 18 या इससे ज्यादा अंक बनाने का भी मौका है। मुंबई इंडियंस के पास दो घरेलू मैच भी हैं, जो महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

# पहले हाफ में 1-0 से पिछड़ने के बाद प्राप्ति के दो गोल से बरेका को मिली जीत

**नई दिल्ली।** फुटबॉल नर्सरी की ओर से रविवार शाम बरेका इंटर कॉलेज मैदान पर बेबी लीग की शुरूआत हुई। उद्घाटन मैच में प्राप्ति के लगातार दो गोल की मदद से बरेका एकादश ने पहाड़ी गांव की टीम को एक गोल के अंतर से हरा दिया। प्रतियोगिता के पहले दिन बालिका वर्ग में एक और बालक वर्ग में दो मुकाबले खेले गए।

फुटबॉल कोच भैरव दत्त ने सेंटर से सिटी बजाकर खेल की शुरूआत की। मैच शुरू होते ही पहाड़ी गांव की टीम ने तेज खेल दिखाया और खेल के 7वें मिनट में आंचल गोल करने का मौका चूक गई, लेकिन टीम को कार्नर मिल गया। इसके बार डी एरिया से अंशिका का तेज शॉर्ट गोलपोस्ट में समा गई और टीम को एक गोल की बढ़त दिला दी। इसके बाद लगातार दोनों टीम के खिलाड़ियों ने एक दूसरे के गोलपोस्ट पर हमले किए लेकिन स्कोर 1-0 रहा।

दूसरे हाफ में दोनों टीम ने तेज खेल दिखाया, लेकिन दूसरे हाफ का पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ।



चौथे क्वार्टर में बरेका टीम की फॉर्वर्ड खिलाड़ी प्राप्ति ने पहला गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 17वें मिनट में टीम की ओर से दूसरा गोल कर टीम का स्कोर 2-1 कर दिया। मैच समाप्त होन पर तक बरेका की टीम 2-1 के स्कोर से मैच जीत लिया। बालक वर्ग का पहला मैच 1-1 से ड्रॉ हो गया। इसमें किशन और यश ने गोल किया जबकि तीसरा मैच रूबल के गोल पहाड़ी गांव की टीम ने जीत ली। इससे पूर्व मुख्य अतिथि आरके यादव ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर खेल शुरू कराया। कोच भैरव दत्त ने बताया कि बेबी लीग अंडर-14, 10 और 8 आयुवर्ग में खेली जा रही है। मैच में रेफरी की भूमिका आंचल ने निभाई। इस मौके डॉ संतोष अग्रहरी, डॉ खुशबू, विमल पासवान मौजूद रहे।

नॉक आउट आधार पर खेली जाने वाली प्रतियोगिता में दोनों पुल की शीर्ष दो दो टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी। हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह सोमवार शाम के पांच बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे।



### राष्ट्रीय कराटे में काशी के खिलाड़ियों ने जीते 4 पदक

झारखंड की राजधानी में खेली गई अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता में वाराणसी के चार खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण समेत चार पदक जीता है। कराटे कोच अखिलेश रावत ने बताया कि द्वितीय सिको काई अखिल भारतीय कराटे 3 और 4 मई को रांची के ठाकुर विश्वनाथ सहदेव इंडोर स्टेडियम में खेली गई। इसमें मौर्यांस टाईगर, अयांश और शौर्य सिंह ने स्वर्ण पदक जबकि वेदांश त्रिपाठी ने रजत पदक जीता।



### खिलाड़ियों ने फिट इंडिया वीक में चलाई साइकिल

फिट इंडिया वीक के तहत रविवार को साई सेंटर ने साइक्लोथॉन का आयोजन किया। यूपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को रवाना किया। इसमें यूपी कॉलेज के शिक्षक और साई सेंटर के खिलाड़ियों ने तीन किलोमीटर दूरी तक साइकिल चलाकर स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया। साई सेंटर प्रभारी जेएस द्विवेदी ने बताया कि साइक्लोथॉन यूपी कॉलेज के मुख्य द्वार से शुरू होकर अर्दली बाजार, कचहरी होते हुए वापस यूपी कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। इसमें 90 शिक्षक और खिलाड़ी शामिल हुए।

### बरेका गोल्फ क्लब को मिली तीसरी कार्ट

बरेका रेल इंजन कारखाना के गोल्फरों को रविवार को गोल्फ कार्ट मिली। गोल्फ क्लब के वरिष्ठ सदस्य गोल्फर अरुण सिंह ने ये कार्ट क्लब को भेंट की। बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने पारंपरिक विधि से पूजन-अर्चना कर गोल्फ कार्ट को क्लब को दिया।

इस उपयोगी पहल से खासतौर पर बुजुर्ग और वरिष्ठ खिलाड़ियों को मैदान में आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। बरेका के जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि अरुण कुमार सिंह ने 2017 और 2023 में होल इन वन जैसी उपलब्धि अपने नाम की है। इस दौरान अनुज कटियार, बहादुर प्रसाद, एसके श्रीवास्तव, सुनील कुमार, शिशिर त्यागी मौजूद रहे।

# पुतिन ने भारत आने का पीएम मोदी का न्योता किया स्वीकार, वार्षिक उच्च स्तरीय बैठक में होंगे शामिल

**मास्को ।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सालाना उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए भारत आने वाले हैं। क्रेमलिन की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि नेताओं ने आतंकवाद के किसी भी स्वरूप के खिलाफ बिना किसी समझौते के लड़ाई की जरूरत पर जोर दिया। भारतीय नेता ने रूसी राष्ट्रपति को वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण दिया। निमंत्रण को कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार किया गया। बयान में कहा गया कि उन्होंने रूसी-भारतीय संबंधों की रणनीतिक प्रकृति पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि ये संबंध बाहरी प्रभाव से प्रभावित नहीं हैं और सभी दिशाओं में गतिशील रूप से विकसित होते रहेंगे।



**राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। सोमवार को दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की**

**पुतिन ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में पूर्ण समर्थन व्यक्त किया :** इससे पहले आज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पुतिन ने मोदी से यह भी कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है।

मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की।उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने (पुतिन) इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

जायसवाल ने कहा कि मोदी तथा पुतिन ने ह्यभारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारीह्न को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने रूस के ह्यविक्टरी डेह्न की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर रूसी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं।

# ईरान 'परमाणु' पर अमेरिकी धमकियों से बेपरवाह, दिखाई नई बैलिस्टिक मिसाइल

तेहरान । अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे परमाणु कार्यक्रम को लेकर तनाव के बीच ईरान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को अपने नए ठोस ईंधन से चलने वाले कासिम बसीर बैलिस्टिक मिसाइल का अनावरण किया। इसका परीक्षण 17 अप्रैल को किया गया था। एक टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार में रक्षा मंत्री जनरल अजीज नासिरजादेह ने बताया कि इस मिसाइल में दिशा-निर्देशन और गतिशीलता की उन्नत तकनीकें हैं, जिससे यह एंटी-बैलिस्टिक रक्षा प्रणाली को चकमा देकर निशाना भेद सकती है।




## अमेरिका और इस्राइल को दी सख्त चेतावनी

साथ ही अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा ईरान को यमन के हूती विद्रोहियों को समर्थन देने पर चेतावनी के जवाब में ईरानी रक्षा मंत्री नासिरजादेह ने चेतावनी भरे अंदाज में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका या इस्राइल युद्ध की शुरूआत करते हैं, तो हम उनके सैन्य ठिकानों और हितों पर कहीं भी और कभी भी हमला कर सकते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि ईरान किसी पड़ोसी देश से दुश्मनी नहीं चाहता, लेकिन हमले की स्थिति में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकाने वैध लक्ष्य होंगे। हूती हमले और बढ़ते तनाव हाल ही में यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर मिसाइल हमला किया था, जिसके बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हूतियों और उनके ईरानी समर्थकों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। परमाणु कार्यक्रम की ओर इशारा इस बीच, ईरान और अमेरिका के बीच 3 मई को रोम में होने वाली अप्रत्यक्ष वार्ता को टाल दिया गया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय ओमान के विदेश मंत्री के अनुरोध पर लिया गया। नई तारीख अभी तय नहीं हुई है। इसको लेकर ईरान ने इशारों-इशारों में यह भी कहा कि अगर अमेरिका ने हमला किया या समझौता नहीं हुआ, तो वह अपने समृद्ध यूरेनियम भंडार के साथ परमाणु हथियार बनाने पर विचार कर सकता है।

# गीदड़भभकी दिखाने से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान, भारत से तनाव के बीच एक और मिसाइल का परीक्षण किया

**इस्लामाबाद ।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। ऐसे में पाकिस्तान गीदड़भभकी दिखाते हुए बड़बोलापन दिखा रहा है। हालांकि भारत के आक्रामक रुख से पाकिस्तान में घबराहट का माहौल है। अब अपनी खीझ को छिपाते हुए पाकिस्तान ने एक और बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करने का दावा किया है। गौरतलब है कि हाल ही में पाकिस्तान ने अपनी बैलिस्टिक मिसाइल अब्दाली का भी परीक्षण करने का दावा किया था।



**सतह से सतह पर मार करने वाली फतह सीरीज की मिसाइल का परीक्षण किया :** पाकिस्तान के दावे के अनुसार, उन्होंने सतह से सतह पर मार करने वाली फतह सीरीज की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। इस मिसाइल की रेंज 120 किलोमीटर है। पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया है कि यह मिसाइल परीक्षण एक्सरसाइज इंडस के तहत किया गया। इससे पहले पाकिस्तान ने अपनी अब्दाली मिसाइल का परीक्षण करने का दावा किया था, जिसकी रेंज 450 किलोमीटर है। भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान लगातार उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। पाकिस्तान उकसावे वाली यह कार्रवाई तब कर रहा है, जब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उसके पास गोला बारूद की भारी कमी है।

**भारत की सख्त कार्रवाई से तिलमिलाया पाकिस्तानः** बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद भारत ने सख्त रुख अपनाते हुए सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया। इतना ही नहीं भारत ने चिनाब नदी का पानी भी रोक दिया है।

# सूडान में आरएसएफ का ड्रोन हमला, पोर्ट सिटी के एयरबेस और नागरिक ठिकाने को बनाया निशाना

**काहिरा।** सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल नबील अब्दुल्ला ने बताया कि आरएसएफ के ड्रोन ने उस्मान डिग्ना एयरबेस के एक गोलाबारूद गोदाम को निशाना बनाया, जिससे वहां धमाके हुए। साथ ही एक कार्गो गोदाम और अन्य नागरिक स्थानों को भी नुकसान पहुंचा।



**सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) के बीच जारी युद्ध के बीच आरएसएफ ने सूडान के पोर्ट शहर पर ड्रोन हमला किया। रविवार को हुए इस हमले में सैन्य एयरबेस, गोदाम और नागरिक सुविधाएं जैसी चिजों को निशाना बनाया गया**

हालांकि, इस हमले के चलते अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं इस हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जारी किया गया, जिसमें एयरबेस के ऊपर गहरे धुएं के गुबार देखे गए। हमले के बाद पोर्ट सुडान हवाईअड्डे पर कुछ समय के लिए उड़ानें रोक दी गईं।

खार्तूम एयरपोर्ट पर कब्जे के बाद पोर्ट पर निशाना बता दें कि सूडान का पोर्ट शहर युद्ध शुरू होने के बाद से अस्थायी राजधानी की भूमिका निभा रहा है, क्योंकि राजधानी खार्तूम का हवाईअड्डा युद्ध के शुरूआती दिनों में आरएसएफ ने कब्जा लिया था। हालांकि सेना ने इस साल की शुरूआत में खार्तूम का एयरपोर्ट वापस ले लिया, लेकिन वह अभी चालू नहीं है। आरएसएफ ने तेज किए ड्रोन हमले आरएसएफ ने हाल के हफ्तों में सेना के कब्जे वाले इलाकों में ड्रोन हमलों को तेज कर दिया है। पिछले महीने भी उन्होंने अतबारा शहर के एक बिजली संयंत्र को निशाना बनाया था। सेना ने जब से खार्तूम पर दोबारा नियंत्रण पाया है, आरएसएफ ने दारफूर और वेस्ट कोडोर्फान जैसे इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत की है। उन्होंने देश का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर और एक महत्वपूर्ण कस्बा भी अपने कब्जे में लिया है। गौरतलब है कि सूडान में जारी यह युद्ध 15 अप्रैल 2023 को सेना और आरएसएफ के बीच तनाव बढ़ने के बाद शुरू हुआ था। तब से अब तक 24,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, और 1.3 करोड़ लोग अपने घर छोड़ चुके हैं।

# फीनिक्स के उपनगरीय इलाके के रेस्तरां में खूनी खेल, हमलावरों ने नौ लोगों को मारी गोली




**अमेरिका।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना ने सभी को हिलाकर रख दिया है। इस बार एक रेस्तरां में फायरिंग हुई है। वारदात में नौ लोगों को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात फीनिक्स के उपनगरीय इलाके में स्थित एक रेस्तरां में नौ लोगों को गोली मारी गई। ग्लेनडेल पुलिस विभाग के अधिकारी मोरोनी मेंडेज ने घटनास्थल पर ब्रीफिंग के दौरान बताया कि पुलिस को एल कैमरन गिगांटे मैरिस्कोस एंड स्टीकहाउस में शाम करीब 7:45 बजे गोली चलने की सूचना मिली। हताहतों की संख्या तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाई है। शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि यह संख्या लगभग नौ के करीब हो सकती है। पुलिस का मानना है कि वारदात में एक से अधिक शूटर शामिल थे। मेंडेज ने बताया कि फिलहाल कोई संदिग्ध हिरासत में नहीं है, लेकिन कई लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# दुबई में बनी अरेबियन गैजेल्स, रफ्तार की दीवानी 30 महिलाओं का पश्चिम एशिया का पहला ऑल-वुमन सुपरकार क्लब

**दुबई ।** रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रह की सीमित सोच के दायरे को तोड़ते हुए महिलाओं के एक समूह ने मध्य पूर्व में पहला ऑल-वुमन सुपरकार क्लब अरेबियन गैजेल्स बना डाला है। इसमें शामिल होकर ये महिलाएं बेधड़क रफ्तार के रोमांच में जिदंगी का आनंद ले रही हैं।

संयुक्त अरब अमीरात में कार रैली में हिस्सा लेने के लिए ये महिलाएं सप्ताहांत दुबई में जुटीं। यूएई और विदेशों से आई क्लब की 30 सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर चार दिनों की इस सुपरकार रैली में हिस्सा लिया। इनमें कुछ इंजीनियर,कुछ उद्यमी और कुछ गृहिणी हैं, लेकिन इसके इतर इन सबका एक जुनून है जो इन्हें अन्य महिलाओं से अलग कतार में लाकर खड़ा करता है।



इस क्लब की शुरूआत आठ साल पहले हनान माजूजी सोबाती ने की थी। उन्हें इस क्षेत्र में महिलाओं की अनदेखी खटक रही थी। फुजैराह की सड़क पर अपनी लेम्बोर्गिनी चलाते हुए वह बताती हैं, मैं अकेली औरत थी जो अपने पति की जगह इन कार रैलियों में जाती थी, क्योंकि पति को कारों का कोई शौक नहीं था। मुझे लगा कि किसी को इसके बारे में कुछ करना चाहिए और अधिक महिलाओं को लाकर बदलाव लाना चाहिए। सुपरकारों का जुनून

सुपरकारों के जुनून ने बड़ा करने और बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। सोबाती कहती हैं, हमें गाड़ी चलाने या कार पसंद करने के लिए किसी की इजाजत की जरूरत नहीं है। अगर हमें टेबल पर सीट नहीं दी जाती, तो हम खुद टेबल बना लेते हैं और सबको उसमें जगह देते हैं।

# खालिस्तानियों का दुस्साहसः माल्टन गुरुद्वारे में निकाली हिंदू विरोधी परेड, बड़बोलेपन में की यह बेतुकी मांग

**टोरंटो।** कनाडा के एक पत्रकार डेनियल बोर्डमैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में खालिस्तानी कट्टरपंथी टोरंटो के एक गुरुद्वारे में हिंदू विरोधी परेड निकालते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान खालिस्तानियों ने कनाडा से सभी हिंदुओं को निर्वासित करने की मांग भी की। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी खालिस्तानियों ने भारत विरोधी परेड का आयोजन किया था, जिसमें पूर्व पीएम इंदिरा गांधी से संबंधित विवादित कटआउट लगाए गए थे। इस पर भी भारत ने आपत्ति जताई थी।

## पहले भी कई बार हिंदू मंदिरों को बनाया गया निशाना

यह हिंदू विरोधी परेड टोरंटो के माल्टन गुरुद्वारे में निकाली गई। यह परेड ऐसे समय निकाली गई, जब हाल ही में कनाडा में चुनाव हुए हैं और मार्क कार्नी ने एक बार फिर सत्ता संभाली है। उम्मीद की जा रही थी कि मार्क कार्नी के सत्ता में आने के बाद कनाडा और भारत के रिश्तों में बेहतरी हो सकती है, लेकिन खालिस्तानी अपनी हरकतों से अभी भी बाज नहीं आ रहे हैं। इससे पहले कनाडा में कई मदिरों को क्षतिग्रस्त करने और मंदिर की दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखने की कई घटनाएं सामने आई हैं। हालांकि अभी तक इन घटनाओं के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई है।



डेनियल बोर्डमैन ने अपने पोस्ट में लिखा कि 'ये जिहादी हमारी सड़कों पर उत्पात मचा रहे हैं और हमारे सामाजिक ताने-बाने को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वे यहूदियों को धमका रहे हैं। क्या मार्क कार्नी का कनाडा जस्टिन ट्रूडो के कनाडा से अलग होगा?' डेनियल बोर्डमैन ने एक अन्य यूजर शॉन बिंदा की पोस्ट को रिट्वीट किया था। बिंदा ने अपने पोस्ट में लिखा कि 'माल्टन गुरुद्वारा में खालिस्तानी गैंग ने आठ लाख हिंदुओं को भारत भेजने की मांग की है। कनाडा में त्रिनिदाद, गुयाना, सूरीनाम, जमैका, दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड्स, मलेशिया, श्रीलंका, सिंगापुर, केन्या और कई अन्य देशों के लोग बसे हैं। यह भारत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन नहीं है।

# कट्टर दक्षिणपंथी जॉर्ज सिमियन को पहले दौर में निर्णायक जीत, 99 फीसदी गिनती पूरी

**बुखारेस्ट ।** रोमानिया में राष्ट्रपति चुनाव के पहले चरण में कट्टरपंथी राष्ट्रवादी नेता जॉर्ज सिमियन को रविवार को निर्णायक जीत मिली। एलायंस फॉर द यूनिटी ऑफ रोमानिया के प्रमुख 38 वर्षीय सिमियन को 40.5% वोट मिले हैं। वहीं सिमियन से काफी पीछे, दूसरे स्थान पर बुखारेस्ट के मेयर निकुसोर डैन को 20.89% वोट मिले, जबकि तीसरे नंबर पर सत्तारूढ़ गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार क्रिन एंटोनेस्कु रहे, जिन्हें 20.34% वोट मिले। वहीं एंटोनेस्कु ने हार स्वीकार कर ली है और कहा कि यह नतीजा अब बदलना मुश्किल है।

बता दें कि चुनाव इसलिए दोबारा कराए गए क्योंकि पहले के नतीजों को रद्द कर दिया गया था, जिससे यूरोपीय संघ और नाटो सदस्य देश रोमानिया में दशकों की सबसे बड़ी राजनीतिक संकट खड़ी हो गई थी। चुनाव आयोग की मानें तो अभी 99% वोटों की गिनती पूरी हो चुकी है। राष्ट्रपति पद के लिए 11 उम्मीदवार रोमानिया में हुए इस



चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए कुल 11 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। जहां अब 18 मई को शीर्ष दो प्रत्याशियों सिमियन और डैन के बीच फाइनल मुकाबला (रनऑफ) होगा। चुनाव में कुल 53.2% वोटिंग हुई, यानी करीब 95.7 लाख मतदाताओं ने वोट डाले। इनमें से 9.73 लाख वोट विदेशों में बने मतदान केंद्रों पर पड़े।

देखा जाए तो रोमानिया में हुए इस चुनाव कई बात साफ हो गई और चुनाव में जनता का मूड साफ दिखा। मीडिया रिपोर्ट के माने तो लोग अब पारंपरिक राजनीतिक पार्टियों से ऊब चुके हैं और बदलाव की मांग कर रहे हैं। देश में तेजी से राजनीतिक माहौल बदल रहा है और इसका सबसे बड़ा संकेत है नए चेहरों की बढ़ती लोकप्रियता। चुनाव में निकुसोर डैन की दलील 55 साल के गणितज्ञ और पूर्व भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता डैन ने 2016 में सेव रोमानिया यूनियन (यूएसआर) नाम की पार्टी बनाई थी। उन्होंने ऑनेस्ट रोमानिया नाम से चुनाव लड़ा और यूरोपीय यूनियन के समर्थन में कैंपेन चलाया।

# पाकिस्तानी राष्ट्रपति से मिले चीनी राजदूत, पहलगाम हमले के बाद भारत की कार्रवाई को लेकर गिड़गिड़ाए

**इस्लामाबाद ।** जेदोंग ने कहा कि चीन दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए पाकिस्तान का समर्थन करता रहेगा।

## जेदोंग-जरदारी के बीच क्या हुई बात

सरकार नियंत्रित 'रेडियो पाकिस्तान' की रिपोर्ट के मुताबिक, 'जेदोंग ने राष्ट्रपति जरदारी से मुलाकात की और भारत-पाकिस्तान तनाव सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।' रिपोर्ट में बताया गया कि बैठक के दौरान जरदारी ने पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से उठाए गए कदमों पर चिंता जताई और कहा कि इस तरह के कदम क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं।



**आतंकी हमले में मारे गए थे 26 लोग :** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई। मारे गए लोगों में अधिकांश पर्यटक थे। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंधों में गिरावट आ गई है।

**भारत ने उठाए कई रणनीतिक कदमः** भारत ने पिछले हफ्ते पाकिस्तान से आने वाले या वहां से गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों में पाकिस्तानी जहाजों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत आतंकवादियों और उनके मददगारों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। भारत पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस बीच, चीन के राजदूत जियांग जेदोंग ने सोमवार को पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की और पाकिस्तान के लिए समर्थन दोहराया**

आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई रणनीतिक कदम उठाए। इनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी चेक पोस्ट बंद करना और राजनयिक संबंधों को कम करना शामिल है। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के मुताबिक, जेदोंग ने चीन और पाकिस्तान के बीच स्थायी मित्रता की पुष्टि की और इसे ऐसे दो भाइयो के बीच मजबूत संबंध जैसा बताया, जिन्होंने चुनौती पूर्ण समय में हमेशा एक-दूसरे का समर्थन किया है।

# 35 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को महापौर सुनीता दयाल ने वितरित किये नियुक्ति पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बाल विकास परियोजना शहर गाजियाबाद के अंतर्गत पूर्व से 57 पद रिक्त थे जिसपर राज्य सरकार द्वारा पदों की नियुक्ति की कार्यवाही शुरू की गई और 35 नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई जिसमें सोमवार को सदन कक्ष मुख्यालय नगर निगम में समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद नगर की प्रथम नागरिक महापौर सुनीता दयाल के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किए।









## सरकार ने किया है आप पर भरोसा,आप भी अपने कर्तव्यों का निष्पादन करें ईमानदारी से : महापौर

**करंट क्राइम।** महापौर द्वारा समस्त नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ती को नियुक्ति पत्र वितरित कर सरकार की मंशा के अनुरूप समाज के वंचित वर्गों तक समस्त योजनाओं का लाभ पहुंचाने, सच्चाई व ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा दी और आगामी भविष्य के लिए शुभकमनाए दीं।

## महत्वपूर्ण पद पर आपकी हुई है नियुक्ति,आपके द्वारा समाज में जाए अच्छा संदेश : सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल द्वारा विभाग में संचालित अन्य योजनाओं जैसे पोषाहार वितरण, हॉट कुक मील,आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले 3-6 वर्ष के बच्चों की शालापूर्व शिक्षा पर भी चर्चा की गई, जिसमें बताया कि आपकी नियुक्ति बहुत ही महत्वपूर्ण पद पर हो रही है आपको बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है जिसपर आको खरा भी उतारना है और समाज में एक अलग पहचान भी बनानी है। सरकार ने आप पर भरोसा जताते हुए यह पद दिया है। आप भी अपने कर्तव्यों का निष्पादन ईमानदारी से करें जिससे कोई भी वर्ग किसी भी योजना से वंचित न रहे,देश में कुपोषण को खत्म करने का कार्य भी आपको करना है। एक जागरूकता लानी है जिससे भारत का भविष्य सुधर सके। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सुनी जनसमस्याएं निराकरण का दिया आश्वासन

## लोगों की समस्याओं का निदान ही हमारी प्राथमिकता : कैबिनेट मंत्री

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर स्थित कार्यालय पर सोमवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा आमजन से रूबरू हुए। इंदिरापुरम के वार्ड नंबर 79 के लोगों की जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने मंत्री को समस्याओं से अवगत कराया। सीवर, पानी, सड़क निर्माण सहित अन्य समस्याओं से मंत्री को अवगत कराते हुए इसके समाधान की मांग की। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में वे तत्परता से जुटे हुए हैं। कई सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। लोगों की समस्याओं का निदान ही उनकी प्राथमिकता है। शनिवार को इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने विधायक कालोनी में घूम-घूम कर समस्याओं के बारे में जाना। स्थानीय लोगों ने सड़क, नाली और सीवर के साथ ही अतिक्रमण की समस्या से कराया रूबरू किया और रविवार को कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा से मिलकर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया।

आरडब्ल्यूए के लॉगिन ने कहा कि विधायक कालोनी के लोग करीब दस वर्ष से सड़क, नाली और सीवर के साथ अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहे हैं। इसको लेकर स्थानीय लोगों के साथ ही आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के साथ ही नगर निगम के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। स्थिति यह है कि गड्ढों की वजह से सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। बारिश होते ही सड़कें तालाब बन जाती हैं। सीवर आए दिन ओवरफ्लो हो जाते हैं।





नालियों के पानी के निकास की सही व्यवस्था नहीं है। अतिक्रमण का आलम यह है कि दबंगों ने न सड़क छोड़ी और न पार्क। जीडीए के खाली पड़े प्लाटों पर कब्जा करने की नियत से उस पर नाली के पानी की अवैध निकासी कर उसको विवादित बनाया हुआ है। इसके होने वाली गंदगी से यहां बीमारियां फैल रही है।

# शिफ्ट होगा साप्ताहिक बाजार, एलिवेटेड रोड के नीचे वसुंधरा की सड़कों पर नहीं लगेगा जाम!

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के साप्ताहिक बाजारों का आए दिन विरोध होता रहता है। वसुंधरा में लगने वाले सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार और रविवार साप्ताहिक बाजारों को एलिवेटेड रोड के नीचे शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर रविवार और सोमवार को टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों ने जोनल प्रभारी सुनील राय से मुलाकात की। कमेटी के महासचिव प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस संबंध में जिला प्रशासन से भी बात हुई है।

लोग इस बाजार को एलिवेटेड रोड के नीचे शिफ्ट कराने की मांग कर रहे हैं। वैशाली के सेक्टर छह व नौ, सेक्टर 1, मेवाड़ के पीछे और वसुंधरा सेक्टर 15, 16, 17 व 19 में साप्ताहिक बाजार लगता है। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक बाजार का लगातार दायरा बढ़ रहा है। यह बाजार सड़क पर लगाया जाता है। इससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। बाजार में सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। बाजार हटने के बाद यहां पर गंदगी का अंबार लग जाता है। स्थानीय लोग काफी दिन से इस बाजार का विरोध कर रहे हैं। प्रशासन चाहते हैं कि बाजार को साईं मंदिर की पीछे एलिवेटेड रोड के नीचे शिफ्ट किया जाए।







## सड़क पर बाजार लगने से लगता है जाम : पार्षद नरेश भाटी



**करंट क्राइम।** क्षेत्रीय पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि हम सड़क पर बाजार लगाने का विरोध कर रहे हैं। वसुंधरा के साप्ताहिक बाजार एलिवेटड रोड की खाली भूमि पर बाजार लगाई जाए। सड़क पर बाजार लगने से निकलना मुश्किल हो जाता है। इस मामले को लेकर मैंने नगर निगम की बोर्ड बैठक में भी मुद्दा उठाया है कि वसुंधरा के साप्ताहिक बाजार एलिवेटड रोड के नीचे लगाया जाए जिससे वसुंधरा जाम मुक्त हो जाएगा।

# लाजपनगर बिजलीघर के पास से नगर निगम ने शिकायत पर हटाया अतिक्रमण






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के मोहनगर जोन में अभियान चला कर अतिक्रमण हटाया गया। जोनल अधिकारी आरपी सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान वार्ड 75 लाजपत नगर बिजली घर की दीवार से सटी दुकानदारों हटाया गया। जिसकी शिकायत एसडीओ ने जिला अधिकारी को की थी जिलाधिकारी ने यह शिकायत नगरायुक्त को भेजी। नगर आयुक्त के दिशा निर्देश अनुसार सोमवार को लाजपत नगर बिजली घर के पास से और दुकानों को ध्वस्त किया गया।

इसकी सूचना पहले ही दुकानदारों को की गई थी। एसडीओ ने पत्र में लिखा था कि तारों से आए दिन चिंगारियां निकलती रहती हैं। जिसके कारण कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसी को संज्ञान लेते हुए नगर निगम में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जिससे और दुकानों को वहां से हटा दिया गया। और चेतावनी दी है कि भविष्य में यहां दुकान ना लगे प्रभारी का कहना है कि इस जगह की तारबंदी की जाएगी।

## कुत्ते से डरकर 10 फीट नीचे गिरी महिला रीढ़ की हड्डी टूटी



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में टहलते समय एक कुत्ते ने महिला पर अटैक कर दिया। जान बचाने के लिए वह भागने लगी।

इस दौरान 10 फीट ऊंचे पोडियम से नीचे गिर गई। हादसे में उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई है।शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना ईको विलेज वन सोसाइटी की है। इसका इसका एक वीडियो भी सामने आया है। सोसायटी के लोगों ने घटना पर नाराजगी जताई है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कांग्रेसी नेता अजय राय का राफेल पर बयान राष्ट्र विरोधी एवं गंदी राजनीति का परिचायक : अशोक कुमार गोयल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सारा देश कश्मीर की शर्मनाक आतंकी घटना के विरुद्ध एकजुटता के साथ आवाज उठा रहा है। देश की सरकार आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष के लिए तत्पर है। अनेक निर्णय पिछले कुछ दिनों में हुए हैं।



ऐसे समय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय द्वारा खिलौने के रूप में राफेल को हाथ में लेकर बयानबाजी करना अत्यंत गंदी राजनीति का परिचायक है। कांग्रेस के अनेक नेता समय-समय पर राष्ट्र विरोधी बोली बोलते रहे हैं, पाकिस्तान के हितैषी प्रतीत होते हैं। इस तरह के बयान से सेना का मनोबल घटाना उचित नहीं है। देश की जनता समय पर ऐसे वक्तव्य का जवाब देगी।

प्रधानमंत्री मोदी के सफल नेतृत्व में सशक्त भारत की सेना पाकिस्तान को सबक सिखाएगी। आतंकियों को उनके घर में घुसकर जवाब दिया जाएगा।

# प्रेसवार्ता में बड़ी संख्या में लोगों ने भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति का दामन थामा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष सरयू शर्मा के आदेशानुसार भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के राष्ट्रीय संयोजक राकेश शर्मा ( सदरपुर ) के नेतृत्व द्वारा नेशनल पब्लिक स्कूल थर्ड ई 12 नेहरू नगर गाजियाबाद में एक विचार गोष्ठी एवं प्रेसवार्ता की गई। प्रेसवार्ता के दौरान संगठन में काफी संख्या में लोगों ने भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति का दामन थामा/ और निस्वार्थ सेवा करने का आश्वासन भी दिया।




इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षक महेश चंद पंडित चेयरमैन, राष्ट्रीय संयोजक राकेश कुमार शर्मा (सदरपुर),राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र कसाना, राष्ट्रीय सलाहकार राकेश शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मुकेश चंद शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील भाटी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ यामीन सैफी, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयवीर सिंह, युवा राष्ट्रीय सचिव अंकित नागर, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश भाटी, पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष एमएस भाटी, पश्चिमी युवा प्रदेश अध्यक्ष शाहरुख मलिक, युवा प्रदेश अध्यक्ष अक्षित शर्मा, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु वशिष्ठ, युवा प्रदेश संगठन मंत्री पवन यादव, मेरठ मंडल अध्यक्ष विक्रांत भाटी, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद रामबीर शर्मा, हापुड़ जिला अध्यक्ष मूलेश शर्मा ,युवा हापुड़ जिला अध्यक्ष अमन मलिक, गोलू भाई युसूफ अली, अभिषेक शर्मा युवा जिला अध्यक्ष गौतम बुध नगर ,संदीप पाल आरिफ अब्बासी मयूर विहार डासना, अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जातीय जनगणना से पिछड़े वर्ग के लिए खुलेंगे विकास के नए द्वार : विपिन गोयल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद मंडल अध्यक्ष विपिन गोयल ने कहा कि देश में हो रही जातीय जनगणना से पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए विकास के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार का यह ऐतिहासिक फैसला है। जातीय जनगणना देश के वंचित पिछड़े और उपेक्षित वर्गों के लोगों को समाज में सही पहचान दिलाएगी।



इसके साथ ही यह जनगणना सरकारी योजनाओं तथा नौकरियों में उपेक्षित वर्गों के लोगों को उचित भागीदारी दिलाने का कार्य करेगी। जातीय जनगणना आर्थिक-शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों की गैरबराबरी दूर कर सशक्त बनाएगी।

## अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, जिला खनन अधिकारी ने 6 वाहन और 2 जेसीबी किया जब्त, 6.40 लाख का वसूला राजस्व

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जिला खनन अधिकारी की टीम ने छापामार कार्रवाई की। टीम ने साधारण मिट्टी, गिट्टी, बालू, स्टोन डस्ट और ग्रेनाइट का अवैध परिवहन कर रहे 6 वाहन और 2 जेसीबी मशीनें जब्त कीं। इस कार्रवाई से प्रशासन को 6.40 लाख रुपए का राजस्व मिला है। 1 अप्रैल से 5 मई 2025 के बीच खनिज विभाग ने कुल 10 वाहन और 2 जेसीबी जब्त की हैं। इससे विभाग को 12.40 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में जनपद का राजस्व लक्ष्य 5.50 करोड़ रुपए था। इसके खिलाफ 5.73 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है। जिला खनन अधिकारी नीलू शर्मा के अनुसार, अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अब तक 54.68 लाख रुपए की वसूली की गई है। खनिज संपदा के संरक्षण और राजस्व की हानि रोकने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आचार्य पंडित उग्रनाथ वत्स सनातन संस्कृति के उच्च मूल्यों वाले संवाहक हैं। मां पिताम्बरा के परम भक्त हैं और धर्म, ज्ञान,संस्कृति का संदेश अध्यात्म के साथ जगत में दे रहे हैं। उन्होंने मां पिताम्बरा प्राकट्योत्सव पर पिताम्बरा पीठ के दर्शन किये। आस्था, श्रद्धा और भक्ति के इस पल को आचार्य पंडित उग्रनाथ वत्स ने फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।